

राष्ट्रीय युवा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, रविवार, 12 जनवरी 2025 अंक 91/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-


# राहुल गांधी कल उतरेंगे दिल्ली के रण में

## अरविंद केजरीवाल की टेंशन बढ़ाने आ रहे ये नेता

## राहुल गांधी सोमवार से दिल्ली में चुनाव प्रचार शुरू करेंगे

**नई दिल्ली.**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को सीलमपुर में एक रैली को संबोधित करेंगे. दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन ने कहा कि राहुल गांधी देश की जनता की आवाज बनकर उभरे हैं. जहां भी कोई मुद्दा होता है, राहुल गांधी वहां पहुंचते हैं और लोगों की आवाज उठाते हैं. निजामुद्दीन ने कहा, 'कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी सोमवार को शाम 5:30 बजे उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर इलाके में 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' नाम से जनसभा को संबोधित करेंगे.

इसमें बड़ी संख्या में लोग, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और नेता भाग लेंगे.' यह दिल्ली में गांधी की पहली रैली होगी. दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा. मतगणना 8 फरवरी को होगी. अन्ना हजारे के पुराने शिष्य मैदान में, राष्ट्रीय राजधानी में छोटे राजनीतिक दल आगामी चुनाव में कड़ी चुनौती पेश करने के लिए कमर कस रहे हैं. वे मुस्लिम बहुल इलाकों में विभिन्न मुद्दों को हल करने, भ्रष्टाचार से निपटने और सुशासन समेत कई वादे कर रहे हैं. इनमें से एक भारतीय लिबरल पार्टी (बीएलपी) है, जिसकी स्थापना हाल ही में अमेरिका में रहने वाले चिकित्सक मुनीश कुमार रायजादा और अन्ना हजारे के नेतृत्व वाले भ्रष्टाचार रोधी आंदोलन से जुड़े अन्य लोगों ने की है. रायजादा ने कहा कि वह और अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार रोधी आंदोलन का हिस्सा थे, लेकिन अब उन्होंने 'आप' को कड़ी टक्कर देने का फैसला किया है. लगभग 15 महीने पहले भारत लौटे रायजादा नयी दिल्ली सीट से 'आप' प्रमुख केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे.

इस सीट से पूर्व भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा भी चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि कांग्रेस ने संदीप दीक्षित को टिकट दिया है. रायजादा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, "हम दिल्ली में दीर्घकालिक विकास करेंगे. अगर बीएलपी दिल्ली में सत्ता में आती है तो सबसे पहले हम भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) का गठन करेंगे." मायावती और ओवैसी की प्लानिंग, दिल्ली चुनाव में इस बार कांग्रेस और भाजपा ही नहीं बल्कि कई अन्य दल भी अरविंद केजरीवाल की टेंशन बढ़ाने वाले हैं. दिल्ली में बसपा और एआईएमआईएम जैसे छोटे राजनीतिक दल आगामी विधानसभा चुनाव में तीन मुख्य राजनीतिक दलों आप, भाजपा और कांग्रेस के वोट काटने की रणनीति बना रहे हैं, ताकि उनका खेल बिगाड़ा जा सके. बहुजन समाज पार्टी सभी 70 सीट पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है, जबकि ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन 10 से ज्यादा मुस्लिम बहुल सीटों पर उम्मीदवार उतार रही है.

दोनों दलों ने अपने प्रमुख नेताओं- मायावती (बसपा) और असदुद्दीन ओवैसी (एआईएमआईएम) की रैलियों की योजना बनाई है. आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस ने महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता योजनाओं का वादा किया है. भाजपा भी ऐसा ही ऐलान कर सकती है. दिल्ली में 46.2 प्रतिशत महिला मतदाता हैं.दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय द्वारा छह जनवरी को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में कुल 1,55,24,858 पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें 83,49,645 पुरुष और 71,73,952 महिला मतदाता हैं. मासिक वित्तीय सहायता के वादे पर दिल्ली में महिला मतदाताओं की मिश्रित प्रतिक्रिया हैं, जो विविध आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को दर्शाती हैं. पूर्वी दिल्ली की एक गृहिणी निशा वर्मा ने कहा, ''2,500 रुपये प्रतिमाह भले ही बहुत ज्यादा नहीं लगे, लेकिन इससे मैं अपने बच्चों के लिए अतिरिक्त किताबें खरीद सकती हूं या आपात स्थिति के लिए थोड़ी बचत कर सकती हूं. ये योजनाएं मददगार हैं, लेकिन मैं यह भी सोचती हूं कि क्या ये सिर्फ चुनावी वादे हैं जो पूरे नहीं हो सकते.'' दक्षिण दिल्ली की एक युवा पेशेवर प्रिया शर्मा ने एक अलग दृष्टिकोण व्यक्त किया. उन्होंने कहा, ''मैं महिलाओं पर ध्यान केंद्रित करने की सराहना करती हूं, लेकिन मैं ऐसी योजनाएं चाहती हूं जो महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करें या सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार करें. मासिक नकद सहायता से अस्थायी मदद मिल सकती है, लेकिन वे बड़ी समस्याओं का समाधान नहीं करती हैं.''



## ओवैसी की पार्टी क्या करेगी?



हैदराबाद से लोकसभा सदस्य असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम 10-12 सीट पर चुनाव लड़ेगी. पार्टी ने अब तक दो उम्मीदवारों-मुस्तफाबाद से ताहिर हुसैन और ओखला से शफा उर रहमान के नाम की घोषणा की है. दोनों 2020 के दिल्ली दंगा मामलों में आरोपी हैं. एआईएमआईएम की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष शोएब जमई ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि पार्टी ने पहले ही दो मजबूत उम्मीदवारों को मैदान में उतार दिया है, जो नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का प्रमुख चेहरा थे. जमई ने कहा कि पार्टी का प्राथमिक ध्यान मुस्लिम बहुल निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा के साथ सीधी लड़ाई पर है. उन्होंने कहा, "हम जिन सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं, उन सभी पर हम सीधे तौर पर भाजपा को चुनौती दे रहे हैं. आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को यह समझ लेना चाहिए कि इन सीटों पर उनकी मौजूदगी की जरूरत नहीं है. हम भाजपा का सीधा मुकाबला करेंगे." एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी उन निर्वाचन क्षेत्रों में कुछ रैलियां कर सकते हैं, जहां पार्टी ने उम्मीदवार उतारे हैं. जमई ने कहा कि अगर एआईएमआईएम कुछ सीट जीत जाती है और गठबंधन बनाए जाने की जरूरत पड़ती है, तो पार्टी भाजपा को रोकने के लिए दूसरे दलों के साथ गठबंधन कर सकती है.

## कितनी सीटों पर लड़ेगी बसपा



दलित और वंचित समुदायों के बीच अपना आधार मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही बहुजन समाज पार्टी ने सभी 70 सीट पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है और उसे लगता है कि इससे उसके प्रतिद्वंद्वियों का रास्ता मुश्किल हो जाएगा. आने वाले दिनों में पार्टी मायावती की रैलियां आयोजित करने की योजना बना रही है. बसपा के केंद्रीय समन्वयक नितिन सिंह ने कहा कि पार्टी का ध्यान बेहतर अवसर प्रदान करने पर है. सिंह ने कहा, "2008 से 2012 के बीच हमारे पास महत्वपूर्ण वोट शेयर था. हमारे लोगों को केजरीवाल ने झूठे वादे से गुमराह किया. पांच फरवरी होने वाले चुनाव में, हम अपने वोट शेयर को वापस पाने के लिए लड़ेंगे और कड़ी टक्कर देंगे."

# भारतीय सेना के 'रोबो डॉग' आर्मी डे परेड में दिखाएंगे जलवा


## > थर-थर कांपेंगे आतंकी, बॉर्डर की भी होगी निगरानी



**पुणे.** रोबोटिक डॉग से आने वाले समय में भारतीय सेना के कई काम आसान हो जाएंगे. भारतीय सेना में इनकी 100 यूनिट शामिल की गई है. पुणे में 15 जनवरी, 2025 को सेना दिवस मनाया जाएगा. ऐसा पहली बार हो रहा है कि पुणे में सेना दिवस का आयोजन हो रहा है, खास बात तो ये है कि सेना दिवस के मौके पर इंडियन आर्मी की परेड में 'रोबोटिक डॉग' भी होंगे, जो आकर्षण का केंद्र होंगे. इनको क्वाडपेंडल अनमैन्ड ग्राउंड व्हीकल्स (क्युयुजीवी) कहा जाता है, इनको भविष्य में सैन्य टेक्नोलॉजी के तौर पर देखा जा रहा है. अब आप सोच रहे होंगे कि ये रोबोटिक डॉग क्या करेंगे और इनकी खासियत क्या है. तो चलिए आपको बता ही देते हैं. कि ये रोबोटिक डॉग हर मौसम में काम कर सकते हैं. इसे दिल्ली की आर्क वेंचर नामक कंपनी ने बनाया है. इन रोबोटिक डॉग को मुले कहा गया है. इसका मतलब है- मल्टी यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट. इन ग्राउंड रोबोट्स को सुरक्षा से जुड़े कई कामों में इस्तेमाल किया जा सकता है. अधिकारियों का कहना है कि ये टेली-ऑपरेबल है.

यही नहीं ये रोबोटिक डॉग सर्विलांस, रेकी और इंटेलिजेंस जुटाने में भी काम आ सकते हैं. इन रोबोटिक डॉग के काम करने के लिए कोई खास जगह की आवश्यकता नहीं होती है. ये हर प्रकार के इलाकों में अपने काम को अंजाम दे सकते हैं. कई और भी खासियत है, जैसे- ऊंचाईयों पर चढ़ना, सीढ़ियों पर चढ़ना. इतना ही नहीं इनमे लगे कैमरे से ये सामने आई किसी भी बाधा से बच सकते हैं. रोबोटिक डॉग्स किसी भी जगह से ऑडियो-विजुअल जुटा सकते हैं साथ ही ये कम रोशनी या फिर रात के अंधेरे में भी काम करने में सक्षम हैं.

# भारत ने इंडोनेशियाई राष्ट्रपति को पाक जाने से रोका



**नई दिल्ली.**

भारत ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो को पाकिस्तान के दौरे पर न जाने के लिए मना लिया है। मीडिया हाउस द प्रिंट ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि राष्ट्रपति सुबियांतो भारत यात्रा के बाद पाकिस्तान का दौरा नहीं करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत ने राष्ट्रपति सुबियांतो को 26 जनवरी के गणतंत्र दिवस परेड में चीफ गेस्ट के तौर पर हिस्सा लेने का न्योता भेजा है। हालांकि भारत की तरफ से इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि सुबियांतो, पाकिस्तान की तीन दिवसीय यात्रा के लिए आएंगे।



वे भारत दौरे पर जाएंगे और वहीं से पाकिस्तान के लिए रवाना होंगे। हालांकि भारत सरकार ऐसा नहीं चाहती थी कि सुबियांतो सीधे भारत से पाकिस्तान जाएं। इसके लिए भारत ने इस मुद्दे को इंडोनेशिया के साथ उठाया था। इंडोनेशिया, आसियान क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। भारत ने हाल के कुछ साल में दक्षिण इंडोनेशिया के साथ अपने संबंधों पर बेहतर ध्यान दिया है। इन मजबूत संबंधों के बीच भारत नहीं चाहता था कि सुबियांतो का पाकिस्तान दौरा भारत के साथ रिश्तों पर नकारात्मक असर डाले।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सुबियांतो गणतंत्र दिवस समारोह के तुरंत बाद इस्लामाबाद की यात्रा करते हैं तो यह भारत के लिए नकारात्मक संकेत हो सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से तनावपूर्ण संबंध रहे हैं और ऐसे में एक प्रमुख विदेशी नेता की भारत यात्रा के तुरंत बाद पाकिस्तान जाना भारत की कूटनीतिक स्थिति को कमजोर कर सकता है। आमतौर पर उन्हीं देशों के नेताओं को गणतंत्र दिवस परेड में चीफ गेस्ट बनने का न्योता मिलता है, जिनके भारत के साथ मजबूत कूटनीतिक रिश्ते हों। हालांकि पहले यह परंपरा हुआ करती थी कि भारत गणतंत्र दिवस का हिस्सा बनने वाले चीफ गेस्ट का नाम महीनों पहले ही घोषित कर दिया करता था।

लेकिन इस बार गणतंत्र दिवस से 15 दिन पहले तक भारत ने चीफ गेस्ट का नाम घोषित नहीं किया है। इसकी वजह भी सुबियांतो का पाकिस्तान दौरा को माना जा रहा है। साल 2018 में इंडोनेशिया के तत्कालीन राष्ट्रपति जोको विडोडो भारत के गणतंत्र दिवस परेड में चीफ गेस्ट के तौर पर शामिल हुए थे। हालांकि तब वे भारत का दौरा करने के बाद दो दिन की राजकीय यात्रा के लिए पाकिस्तान चले गए थे। लेकिन इस बार, भारत सरकार यह सुनिश्चित किया कि ऐसी स्थिति फिर से न हो।

## पाक ने इंडोनेशियाई राष्ट्रपति की यात्रा की घोषणा की थी

पाकिस्तान ने इस महीने के आखिर में इंडोनेशियाई राष्ट्रपति की यात्रा की घोषणा भी कर दी है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वे 26 जनवरी को इस्लामाबाद आएंगे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इंडोनेशिया और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए एक विशेष समिति गठित की है। गुरुवार को इसकी बैठक भी हुई। पाकिस्तान के प्लानिंग मिनिस्टर अहसान इकबाल ने इसकी अध्यक्षता भी की।

# लॉस एंजिलिस में आग बेकाबू



**कैलिफोर्निया.** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य का शहर लॉस एंजिलिस में पिछले 4 दिन से लगी जंगल की आग विकराल रूप धारण कर चुकी है. जंगलों में आग मंगलवार को लगी. कम से कम 6 जगंल तब से धधक रहे हैं. शुक्रवार तक आधे शहर में आग फैल गई. अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है. आग लगभग 40 हजार एकड़ में फैली हुई है. अब तक 29 हजार एकड़ का इलाका पूरी तरह जल चुका है. लॉस एंजिलिस और उसके आसपास आग लगने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है.

पेज 8 भी देखें

# 153 पीटीआई कार्यकर्ताओं को दी जमानत




**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 153 कार्यकर्ताओं को इस्लामाबाद की आतंकवाद-रोधी अदालत (एटीसी) ने जमानत दे दी। ये कार्यकर्ता 26 नवंबर को इस्लामाबाद के डी-चौक पर प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किए गए थे। शुक्रवार को जज अबुल हसनत मोहम्मद जुल्कारनैन की अध्यक्षता में हुई सुनवाई में 177 कार्यकर्ताओं की याचिकाओं पर विचार हुआ। इनमें से 153 कार्यकर्ताओं की जमानत मंजूर कर ली गई, जबकि 24 याचिकाएं खारिज कर दी गईं।

## कहा था राम हैं तो राष्ट्र है और राष्ट्र है तो राम हैं: सीएम योगी

**अयोध्या.** अवध नगरी में श्री रामलला को विराजे एक वर्ष पूरे हो गए। इस मौके पर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ धूमधाम से मनाई जा रही है। पुजारियों ने रामलला का पंचामृत अभिषेक किया। पहले दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से अभिषेक किया, फिर गंगाजल से नहलाया गया। इसके बाद उन्हें सोने-चांदी के तारों से बना पीतांबर व हीरा जड़ा मुकुट पहनाया गया। सीएम योगी ने राम लला की विशेष पूजा अर्चना की व अभिषेक किया। इसके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हनुमान गढ़ी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने बजरंग बली की पूजा अर्चना की।

# 9 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**सुकमा.** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों पर हमलों में कथित रूप से शामिल नौ कुख्यात नक्सलियों ने शनिवार को आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस ने इन नक्सलियों पर कुल 43 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। सुकमा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) किरण चव्हाण के मुताबिक, दो महिलाओं समेत नौ नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने हथियार डाले हैं। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली खोखली और अमानवीय माओवादी विचारधारा तथा प्रतिबंधित संगठन के भीतर जारी अंदरूनी कलह से निराश हैं।

# सब्सिडी के नाम पर 140 किसानों से करोड़ों की ठगी?



**बीड.**

महाराष्ट्र के बीड जिले के मासाजोग सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड में संदिग्ध आरोपी वाल्मिक कराड का एक और मामला सामने आया है. वाल्मिक कराड पर राज्य के 140 किसानों से धोखाधड़ी का आरोप लगा है. आरोप है कि वाल्मिक कराड ने 140 किसानों से यह कहकर पैसे लिए कि कृषि मंत्री मेरे करीबी हैं, वह आपको सब्सिडी दिलवा देंगे.

किसानों का आरोप है कि वाल्मिक कराड ने उन सभी से 11 करोड़ 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है. किसानों का आरोप है कि जब उन्होंने पैसे वापस मांगे तो उनके साथ मारपीट कर भगा दिया गया. वाल्मिक कराड की गिरफ्तारी के बाद अब उसकी पोल खुल गई है.

# केन्या में विमान क्रैश होने से लगी आग

## 3 लोगों ने गंवाई जान, पायलट और छात्र सुरक्षित

**मालिंदी.**

केन्या के तटीय मालिंदी काउंटी में शुक्रवार को एक विमान क्रैश हो गया. इस हादसे में तीन लोगों की जान चली गई. सब-काउंटी पुलिस कमांडर लकीजोस्की मुदावादी ने बताया कि मरने वालों में एक मोटरसाइकिल चालक भी शामिल है, जो मालिंदी-मोंबासा हाईवे पर क्वाचोचा शहर में विमान के टकराने से आग की चपेट में आ गया. जानकारी के मुताबिक हादसे में विमान के एक बिल्डिंग से टकराने की वजह से दो अन्य, एक मोटरसाइकिल सवार और एक महिला यात्री की मौत हो गई. वहीं विमान में मौजूद एक पायलट और दो छात्रों को विमान हादसा होने से पहले कूदने से चोट लग गई. फिलहाल उनका इलाज किया जा रहा है जबकि पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है. इस मामले में दूसरे दो पीड़ितों में मोटरसाइकिल सवार और महिला यात्री थे, जिनकी मौत विमान के पंखों और उसके पिछले हिस्से से टकराने की वजह से हुई. बता दें कि विमान में सवार पायलट और दो छात्रों ने विमान से कूदकर जान बचाई. हालांकि इस दौरान उन्हें थोड़ी चोटें आईं, जिनका इलाज किया जा रहा है. फिलहाल पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है. बता दें कि जहां हादसा हुआ



वह जगह मालिंदी एयरपोर्ट के पास है और यहां के लोग एयरपोर्ट के विस्तार के लिए मुआवजा मुद्दे पर अदालत में हैं. वहीं इसमें स्थानीय विधायक राशिद ओधियाम्बो ने कहा कि यह घटना एयरपोर्ट के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की जरुरत को दिखाती है. साथ ही एयरपोर्ट के मैनेजमेंट को सिर्फ उसके अंदर ही नहीं, बल्कि आसपास भी सुरक्षा तय करनी चाहिए.

# बलूचिस्तान में पुलिस चौकी पर हमला

**नई दिल्ली.** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में आए दिन सेना और बलूच लिबरेशन आर्मी के बीच भीषण झड़प देखने को मिलते हैं. इस बीच उग्रवादियों ने मस्तुंग शहर में पुलिस चौकी पर हमला किया. गोला-बारूद, वायरलेस सेट, मोटरसाइकिल छीन ली और पास के सीमेंट फैक्ट्री में भी आग लगा दी. पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को हथियारबंद उग्रवादियों ने एक पुलिस चौकी पर हमला किया. उन्होंने पास की एक सीमेंट फैक्ट्री की मशीनरी और उपकरणों को भी आग लगा दी. अधिकारियों ने बताया कि यह घटना बलूचिस्तान के मस्तुंग शहर में हुई. पुलिस चौकी पर हमला करने के बाद जब उग्रवादी भाग रहे थे, तब उन्होंने पास की एक सीमेंट फैक्ट्री में आग लगा दी. एक पुलिस अधिकारी ने पुष्टि की कि यह हमला उस समय हुआ जब सुरक्षाकर्मी पुलिस चौकी पर ड्यूटी बदल रहे थे. हथियारबंद उग्रवादियों ने बंदूकें, गोला-बारूद, वायरलेस सेट, मोटरसाइकिल छीन ली और सीमेंट फैक्ट्री में उपकरणों में आग लगा दी.

# उसे जेल में ही मरना चाहिए!

## फ्रांसीसी रेपिस्ट डोमिनिक पेलिकॉट के प्रति भारी नफरत से भरी है उसकी बेटी

**लंदन.**

डोमिनिक पेलिकॉट को अपनी पूर्व पत्नी को नशीला पदार्थ देने का दोषी पाया गया था. वह पत्नी को नशीला पदार्थ इसलिए देता था ताकि दर्जनों अजनबी लोग उसका रेप कर सकें. पेलिकॉट की बेटी ने शनिवार को एक टिप्पणी में कहा कि उसके पिता को "जेल में मरना चाहिए."

पिछले महीने फ्रांस के दहला देने वाले एक मुकदमे के बाद पेलिकॉट को 20 साल की जेल की सजा सुनाए जाने के बाद अपने पहले टेलीविजन इंटरव्यू में कैरोलीन डेरियन ने बीबीसी को बताया कि उसके पिता "हमेशा से ही यौन विकृत व्यक्ति थे."



ब्रिटिश ब्रॉडकास्टर बीबीसी द्वारा सोमवार को प्रसारित किए जाने वाले "पेलिकॉट ट्रायल: द डॉटर्स स्टोरी" में डेरियन ने कहा, "उसे जेल में ही मरना चाहिए, वह एक खतरनाक आदमी है." गिसेले पेलिकॉट ने बंद कमरे में सुनवाई के अपने अधिकार को त्याग दिया.

उन्हें उनकी हिम्मत और गरिमा के लिए हीरो के रूप में सम्मानित किया गया. डेरियन ने कहा, "यह कोई तरीका नहीं है कि आप सुबह उठकर कहें, ठीक है, मैं अपनी पत्नी को नशीला पदार्थ देने जा रहा हूं. इसलिए मुझे लगता है कि उसके अंदर दो डोमिनिक्स एक साथ मौजूद हैं. उसने अंधेरे पक्ष को चुनने का फैसला किया." उसने आगे कहा, "मुझे नहीं पता कि वह एक राक्षस है या नहीं, लेकिन उसे पूरी तरह से पता था कि उसने क्या किया, वह बीमार नहीं है. उसने सब कुछ होशोहवास में किया."

डेरियन खुद मानती है कि उसे पेलिकॉट ने नशीला पदार्थ दिया और उसके साथ रेप किया, क्योंकि उसके पिता के अपराधों के विस्तृत रिकॉर्ड में उसकी बेहोशी में नग्न शरीर की तस्वीरें पाई गईं. पेलिकॉट ने मुकदमे के दौरान इस बात से इनकार किया कि उसने कभी उसके साथ दुर्व्यवहार किया था. दोनों के बीच कोर्ट रूम में झड़प हुई थी. डेरियन ने बीबीसी को बताया, "वह हमेशा झूठ बोलता है. मुझे पता है कि उसने मुझे नशीला पदार्थ दिया था, शायद यौन शोषण के लिए, लेकिन मेरे पास कोई सबूत नहीं है." डेरियन ने कहा कि अब वह अपने पिता को सिर्फ़ "एक अजनबी" के रूप में देखती है. उसने कहा, "मैं सीधे अपराधी की ओर देखती हूं, यौन अपराधी के रूप में." यह इंटरव्यू ऐसे समय पर रिलीज हुआ है जब डेरियन एक टीवी डॉक्यूमेंट्री में रेप और यौन शोषण के लिए नशीली दवाओं के उपयोग के बारे में बताएंगी. 21 जनवरी को फ्रांस 2 द्वारा प्रसारित की जाने वाली 90 मिनट की इस फिल्म में छह अन्य पीड़ितों की गवाही शामिल होगी, जिन्हें अनजाने में नशीली दवाओं के सेवन के बाद रेप का शिकार होना पड़ा.

## अदालत ने पेलिकॉट को दोषी पाया

फ्रांस के 72 साल के पेलिकॉट को उसकी पत्नी गिसेले पेलिकॉट को नशीला पदार्थ देकर रेप करने तथा एक दशक से भी अधिक समय तक दर्जनों पुरुषों को ऐसा करने के लिए उकसाने का दोषी पाया गया. दक्षिण फ्रांस के शहर एविग्नन में तीन महीने तक चले पब्लिक ट्रायल के बाद करीब 50 सह-प्रतिवादियों को भी दोषी पाया गया तथा उन्हें तीन से 15 साल तक की सजा सुनाई गई.

CMYK

# वैश्विक स्तर पर महंगाई में कमी जारी रहेगी

> कीमतों में राहत पर बोलीं आईएमएफ प्रमुख

**नई दिल्ली.**



आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा के अनुसार वर्ष 2025 में भी वैश्विक स्तर पर कीमतों में नरमी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि महंगाई से लड़ने के लिए जरूरी ऊंची ब्याज दरों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को मंदी में नहीं धकेला। जॉर्जीवा के अनुसार यह राहत की बात है और इससे कीमतों में नरमी दिखी है। ऊंची ब्याज दरों ने वांछित परिणाम दिए हैं। उभरते बाजारों की तुलना में उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में हेडलाइन मुद्रास्फीति जल्दी ही लक्ष्य के भीतर वापस आ रही है।

आईएमएफ प्रमुख के अनुसार स्थिर वैश्विक वृद्धि के बावजूद 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था "थोड़ी कमजोर" रह सकती है। जॉर्जीवा ने यह भी कहा कि उन्हें इस वर्ष दुनिया में काफी अनिश्चितता की आशंका है, मुख्यतः अमेरिका की व्यापार नीति को लेकर।

उन्होंने कहा, "अमेरिका हमारी अपेक्षा से काफी बेहतर प्रदर्शन कर रहा है, यूरोपीय संघ कुछ हद तक रुका हुआ है, और भारत थोड़ा कमजोर है।" उन्होंने कहा कि ब्राजील कुछ हद तक उच्च मुद्रास्फीति का सामना कर रहा है।

उन्होंने कहा कि विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को अपस्फीतिकारी दबाव और घरेलू मांग से संबंधित चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

### 2025 में वैश्विक विकास स्थिर रहने की उम्मीद

वार्षिक मीडिया गोलमेज बैठक में आईएमएफ एमडी ने कहा कि 2025 में वैश्विक विकास स्थिर रहने की उम्मीद है, लेकिन क्षेत्रीय भिन्नता के साथ। जॉर्जीवा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था थोड़ी कमजोर होगी। हालांकि, उन्होंने इस बारे में और कुछ नहीं बताया। वर्ल्ड इकोनॉमी आउटलुक अपडेट वीक में इसके बारे में ज्यादा जानकारी दी जाएगी।

# भारतीय अर्थव्यवस्था रह सकती है थोड़ी सुस्त

**नई दिल्ली.**



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा का कहना है कि स्थिर वैश्विक वृद्धि के बावजूद इस साल भारतीय अर्थव्यवस्था थोड़ी कमजोर रह सकती है। उन्होंने इस बात भी जोर दिया कि उन्हें इस वर्ष विश्व में काफी अनिश्चितता की आशंका है, खासकर अमेरिका की व्यापार नीति को लेकर।जॉर्जीवा ने शुक्रवार को पत्रकारों के एक समूह के साथ अपनी वार्षिक मीडिया बैठक में कहा कि 2025 में वैश्विक वृद्धि स्थिर रहने की उम्मीद है,

लेकिन इसमें क्षेत्रीय भिन्नताएं होंगी। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2025 में थोड़ा कमजोर होगी, हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। उन्होंने कहा, 'अमेरिका की अर्थव्यवस्था उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन कर रही है, जबकि यूरोपीय संघ में विकास धीमा हो रहा है। चीन में महंगाई कम हो रही है और घरेलू मांग भी कम है। ब्राजील महंगाई का सामना कर रहा है और कम आय वाले देशों के लिए नई आर्थिक समस्याएं आ सकती हैं। वहीं, भारत भी थोड़ा कमजोर हुआ है। हमें उम्मीद है कि 2025 में काफी अनिश्चितता होगी, खासकर अमेरिका की व्यापार नीतियों को लेकर। आश्चर्य की बात नहीं है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था के आकार और भूमिका को देखते हुए,

# किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 5 लाख करने की तैयारी

**नई दिल्ली.**



बजट 2025 में किसानों के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आ सकती है. सरकार 1 फरवरी के आगामी बजट में किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए करने की तैयारी कर रही है. मामले से परिचित एक सूत्र ने बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट में कहा कि केसीसी लिमिट में आखिरी बार बदलाव काफी समय पहले हुआ था, और सरकार को लगातार मांगें मिल रही थीं, इस कदम का उद्देश्य किसानों को सपोर्ट करना और ग्रामीण मांग को बढ़ावा देना है. इसलिए, सरकार केसीसी की लिमिट को बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर सकती है.किसान क्रेडिट कार्ड स्कीम को अब से करीब 26 बरस पहले साल 1998 में शुरू किया गया था. इस स्कीम के तहत जो किसान खेती और उससे जुड़े कामों को करते हैं उन्हें 9 फीसदी के ब्याज पर शॉर्ट टर्म लोन प्रोवाइड कराया जाता है. इस स्कीम की खास बात ये है कि सरकार की ओर से लोन पर लगने वाले ब्याज पर 2 फीसदी की छूट भी देती है. वहीं जो किसान समय पर पूरे लोन का भुगतान कर देते हैं उन्हें प्रोत्साहन के तौर पर और 3 फीसदी की छूट दी जाती है. इसका मतलब है कि किसानों को ये लोन सिर्फ 4 फीसदी सालाना ब्याज पर दिया जाता है. 30 जून 2023 तक इस तरह के लोन लेने वालों की संख्या 7.4 करोड़ से ज्यादा थी. जिन पर 8.9 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का बकाया देखने को मिला था.

मीडिया रिपोर्ट में फिनटेक फर्म एडवारिस्क के को-फाउंडर एवं सीईओ विशाल शर्मा के अनुसार खेती की लागत काफी इजाफा हुआ है. इसके विपरीत किसानों को मिलने वाले लोन की लिमिट में काफी समय से कोई इजाफा नहीं हुआ है. अगर बजट में केसीसी की लिमिट में इजाफा होता है तो एग्री सेक्टर में प्रोडक्शन में इजाफा होगा और एग्री इनकम में भी बढ़ोतरी देखने को मिलगी. जिसकी वजह से किसानों के लाइफ स्टाइल में बदलाव होने के साथ वह समय कर्ज की अदायगी भी कर सकेंगे.



# तेजी से घट रहा है भारत का विदेशी मुद्रा भंडार


**नई दिल्ली.**

देश का विदेशी मुद्रा भंडार घट रहा है. भारत का विदेशी मुद्रा भंडार तीन जनवरी को समाप्त हुए सप्ताह में 5.69 अरब डॉलर घटकर 634.58 अरब डॉलर तक पहुंच गया है. भारतीय रिजर्व बैंक ने इसकी जानकारी दी है. इससे पिछले सप्ताह में यह 4.112 बिलियन डॉलर घटकर 640.279 बिलियन डॉलर रह गया था.

देश के विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले कुछ हफ्तों से गिरावट आ रही है. इसका पीछे वजह डॉलर के मुकाबले कमजोर हो रहे भारतीय मुद्रा को संभालने की रिजर्व बैंक की कोशिश है. इसके लिए रिजर्व बैंक विदेशी मुद्रा भंडार में हस्तक्षेप करता है और इसका रिवैल्यूएशन भी करता है. विदेशी मुद्रा भंडार को फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व या फॉरेक्स रिजर्व भी कहा जाता है. बीते साल सितंबर के अंत में देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.885 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था. जारी आंकड़ों के अनुसार, तीन जनवरी को खत्म हुए हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.44 अरब डॉलर घटकर 545.48 अरब डॉलर तक पहुंच गईं. विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल है. गौरतलब है कि देश की आर्थिक सेहत का मीटर कहा जाने वाला विदेशी मुद्रा भंडार का हमेशा भरा रहना जरूरी है. इसके कम होने से देश को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है. वस्तुओं और सेवाओं के आयात का बिल चुकाने में परेशानी आती है, विदेशों से लिए गए कर्ज के भुगतान में समस्या होती है. इसके कम होने से देश की मुद्रा में भी गिरावट आने लगती है. वैसे तो विदेशी मुद्रा भंडार में कई देशों की मुद्राएं शामिल होती हैं, लेकिन इसमें डॉलर सबसे ज्यादा होता है क्योंकि दुनिया में अधिकांश व्यापार अमेरिकी डॉलर में ही होता है.

# ओम बिरला ने वेदांता के चेयरमैन अग्रवाल की सराहना की

**नई दिल्ली.**




लोक सभा के माननीय स्पीकर ओम बिरला ने 100 साल पुराने रिवरसाईड स्टुडियो ट्रस्ट को कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने वाले सर्वश्रेष्ठ इंटरनेशनल सेंटर में बदलने के लिए वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के दृष्टिकोण की सराहना की।

थेम्स नदी के उत्तरी किनारे पर स्थित विश्वविख्यात ग्लोबल सेंटर ऑफ आर्ट्स में सभा को संबोधित करते हुए, बिरला ने कहा कि यह स्टुडियो दुनिया भर के कलाकारों एवं परफोर्मर्स को प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगा। विभिन्न महाद्वीपों में कला, संस्कृति एवं इनोवेशन को एक दूसरे के साथ जोड़ने के प्रयास में वेदांता ग्रुप के संस्थापक एवं चेयरमैन अनिल अग्रवाल अब इस आइकोनिक रिवरसाईड स्टुडियोज़ के मालिक होंगे। 'मैं अग्रवाल को धन्यवाद देना चाहूंगा, जो इतने प्रतिष्ठित मंच पर कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

दुनिया भर के कलाकारों को अब लंदन के इस सेंटर से संस्कृति एवं कला के प्रदर्शन का अवसर मिलेगा,' बिरला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, ''रिवरसाईड स्टुडियोज़ ट्रस्ट इन कलाकारों की प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए विश्वस्तरीय मंच की भूमिका निभाएगा। बिरला ने कला, संस्कृति एवं इनोवेशन के संयोजन के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने वाले प्रतीक के रूप में रिवरसाईड स्टुडियोज़ की सराहना की।

इस अवसर पर आभार व्यक्त करते हुए वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा, ''रिवरसाईड स्टुडियोज़ में ओम बिरला का स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। उनका दृष्टिकोण और नेतृत्व हमें न सिर्फ आर्थिक साझेदारियों बल्कि हमारी साझा सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के माध्यम से भारत एवं यूके के संबंधों को और मजबूत बनाने की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है। लोक सभा के माननीय स्पीकर ने शिक्षा, महिला सशक्तीकरण और बच्चों के समग्र विकास की दिशा में वेदांता के अग्रणी प्रयासों की भी सराहना की। गौरतलब है कि वेदांता ने आंगनवाड़ियों को नंदघरों में बदलकर इस दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किए हैं।

'नंदघर बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा एवं पोषण उपलब्ध कराते हैं। इस तरह के प्रयास समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण हैं,' उन्होंने कहा। दौरे का समापन प्रतिष्ठित रिवरसाईड स्टुडियोज़ के गाइडेड टूर के साथ हुआ, जहां श्री ओम बिरला ने कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इस सेंटर की समृद्ध धरोहर की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के सेंटर सांस्कृतिक कूटनीति को बढ़ाने एवं लोगों के बीच के संबंधों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# सैमसंग मोबाइल एआई के क्षेत्र में लाएगा नई क्रांति

**नई दिल्ली.**



एआई अनुभव को और भी आसान और स्मार्ट बनाने के लिए तैयार हो जाइए! गैलेक्सी एआई का नया वर्जन जल्द ही आपके मोबाइल के रोजमर्रा के इस्तेमाल को और बेहतर बनाएगा। नई गैलेक्सी एस सीरीज आपके एआई अनुभव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स 22 जनवरी को सैन जोस में अनपैक्ड इवेंट आयोजित करेगा, जिसमें मोबाइल एआई के नए युग की शुरुआत होगी। इस इवेंट में प्रीमियम गैलेक्सी इनोवेशंस पेश किए जाएंगे, जो आपकी जिंदगी को पहले से भी ज्यादा सुविधाजनक बना देंगे। इस इवेंट को सैमसंग न्यूज़रूम इंडिया और सैमसंग के यूट्यूब चैनल पर भारतीय मानक समय (आईएसटी) के अनुसार, सुबह 11:30 बजे से लाइव स्ट्रीमम किया जायेगा।

# अडानी का एक फैसला कंपनी के शेयरों पर पड़ा भारी

**नई दिल्ली.**



अदाणी विल्मर के शेयर में शुक्रवार को 10 प्रतिशत की गिरावट आई. समूह के अदाणी विल्मर की 20 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच 7,148 करोड़ रुपये जुटाने की घोषणा के बाद इसके शेयर टूटे. बीएसई में शेयर 9.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 291.60 रुपये पर आ गया, जो इसकी निचली सीमा है. एनएसई में भी यह 10 प्रतिशत फिसलकर 291.10 रुपये की निचली सीमा पर पहुंच गया.इस बीच, बीएसई पर सूचीबद्ध अदाणी समूह की सभी 10 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए. अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 4.37 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी का 3.54 प्रतिशत, अदाणी पावर का 3.18 प्रतिशत और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 2.91 प्रतिशत लुढ़का.

अदाणी समूह ने खुले बाजार में दैनिक उपयोग का रोजमर्रा का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनी अदाणी विल्मर की 20 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचकर 7,148 करोड़ रुपये जुटाने की घोषणा की है. यह कदम समूह की बुनियादी ढांचा कारोबार पर ध्यान केंद्रित करने के लिए गैर-प्रमुख कारोबार से बाहर निकलने की रणनीति का हिस्सा है.

# पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या 400 से बढ़कर 1.57 लाख

> फंडिंग 14 गुना बढ़कर 115 अरब डॉलर

**नई दिल्ली.**





देश के स्टार्टअप में नौ साल में फंडिंग 14 गुना से ज्यादा बढ़कर 115 अरब डॉलर पर पहुंच गई है। 2016 में यह सिर्फ 8 अरब डॉलर थी। इस अवधि में स्टार्टअप इंडिया पहल के लॉन्च के बाद से 2024 के अंत तक पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या 400 से बढ़कर 1.57 लाख से अधिक हो गई है।


उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के मुताबिक, समर्पित स्टार्टअप नीतियों वाले राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में स्टार्टअप की संख्या 2016 के चार से बढ़कर 31 हो गई है। यूनिकॉर्न की भी संख्या कई गुना बढ़ी है।


2016 में 8 यूनिकॉर्न थे, जो अब 118 हो गए हैं। कम से कम एक अरब डॉलर मूल्य वाले स्टार्टअप को यूनिकॉर्न कहते हैं। सरकार ने नवाचार को बढ़ावा देने और स्टार्टअप तंत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए 16 जनवरी, 2016 को स्टार्टअप इंडिया पहल शुरू की थी।

### अब तक 17 लाख से अधिक को मिलीं नौकरियां

डीपीआईआईटी के आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय स्टार्टअप्स ने पिछले नौ साल में 17 लाख से अधिक नौकरियां पैदा की हैं। स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत एक अप्रैल, 2016 या उसके बाद बने स्टार्टअप आयकर छूट के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिन मान्यताप्राप्त स्टार्टअप को अंतर-मंत्रालयी बोर्ड प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है, उन्हें स्थापना के बाद से 10 वर्षों में से लगातार तीन वर्षों की अवधि के लिए आयकर से छूट दी जाती है।


१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

# रविवारीय

**सुविचार**

परेशानिया आये तो सब्र से काम ले
जल्दबाज़ी में अक्सर फ़ैसले ग़लत होते है.



## वायरल इंफेक्शन से बचाएंगे आयुर्वेद टिप्स

❑ आजकल की भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल के कारण हमारा इम्यून सिस्टम ज्यादा कमजोर हो गया है. इसके चलते वायरल संक्रमण, सर्दी-जुकाम या ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस सहित बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है. अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के लिए आयुर्वेद काफी फायदेमंद साबित हो सकता है. प्रवेक कल्प में आयुर्वेद एक्सपर्ट डॉ. जी.एस. तोमर कहते हैं कि लोग अपने दिनभर का ज्यादातर समय मोबाइल या कंप्यूटर पर बिता रहे हैं. इससे नींद की समस्या तो होती ही लेकिन साथ में सही तरीके से हम डाइट भी नहीं ले पाते हैं. इससे हमारी इम्यूनिटी और ज्यादा वीक हो जाती है. लेकिन आयुर्वेद की मदद से हम न सिर्फ अपना इम्यून सिस्टम मजबूत होगा बल्कि वायरल संक्रमण से लड़ने में भी मदद मिलेगी.



आयुर्वेद से मजबूत करें इम्यूनिटी: एक्सपर्ट बताते हैं कि आंवला, तुलसी और पिप्पली से बना सूत्र श्वसन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है. इसके अलावा, यह हमारे डाइजेस्टिव सिस्टम को भी फायदा पहुंचाता है. इन तीनों चीजों के चूर्ण को गर्म दूध के साथ रोजाना एक चम्मच खाने शरीर का इम्यून सिस्टम मजबूत होता है.

तनाव को कम करेंगी ये चीजें: डॉ. तोमर कहते हैं कि ज्यादा भागदौड़ के कारण तनाव का लेवल भी बढ़ रहा है. लोग छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा या परेशान होने लगते हैं. इस तनाव को कम करने के लिए अश्वगंधा और गिलोय काफी फायदेमंद है. इन्हें लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाने से स्ट्रेस दूर रहता है.

हेल्दी लाइफस्टाइल भी जरूरी: आयुर्वेद के साथ अपनी अनहेल्दी लाइफस्टाइल को सुधारना भी काफी जरूरी है. आयुर्वेद के अनुसार, अपनी दिनचर्या में प्राणायाम को शामिल करें. इसके साथ-साथ रोजाना 7 से 8 घंटे की नींद भी जरूरी है. इस तरह की हो डाइट: इसके साथ-साथ अपनी डाइट पर भी ध्यान देना जरूरी है. खानपान में मौसमी फल, हरी पत्तेदार सब्जियां और साबुत अनाज को शामिल करें. जितना हो सके, बाहर की चीजों को न खाएं. एक्सपर्ट ये भी कहते हैं कि रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी पीना भी जरूरी है. ये शरीर में से टॉक्सिंस पदार्थ को निकालने में मदद करता है.

## अभिभावक समझें संस्कारों की अहमियत




**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

❑ आज के आधुनिक दुनिया की वास्तविकता है कि दुर्भाग्य से अभिभावकों का व्यवहार ही बच्चों को नकारात्मकता की ओर धकेल रहा हैं। बच्चों में चिड़चिड़ापन, जिद, अनुचित व्यवहार के साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं तो लगातार बढ़ ही रही हैं, जन्म के समय बच्चों का अपर्याप्त विकास, कुपोषण, विकलांगता जैसी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। आधुनिकता के नाम पर हम अपनी अच्छी बातें, संस्कार, विचार भूल गए हैं और बुरी बातों में लगकर जीवन को कठिन बना लिया है। अनेक माता-पिता या घर के बड़ों को यह भी नहीं पता कि उन्हें बच्चों के सामने कैसा व्यवहार करना चाहिए, इसी कारण परिवार, समाज, देश और दुनिया में समस्याओं का पहाड़ खड़ा हो रहा है। बच्चे रोते हैं, इसलिए उन्हें मोबाइल फोन की आदत लगा दी जाती है, बच्चे जिद करते हैं इसलिए उन्हें जंक फूड खिलाया जाता है। बच्चों के मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह वस्तुएं, खाद्यपदार्थ भी बड़े प्यार से मुहैया करायी जाती हैं और अभिभावक ही कहते हैं, कि आज की पीढ़ी बहुत बिगड़ गई है, मां-बाप की बात बिल्कुल नहीं सुनते। हम संस्कारहीन, संवेदनहीन, नैतिकताहीन, स्वार्थी समाज के अभिन्न अंग है।

इस साल शिक्षक दिवस के उपलक्ष पर एक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तौर पर छोटी बच्चियों के नृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। वह वीडियो देखकर हैरानी हुई, 6-7 साल की शालेय लड़कियां फिल्मी गाने पर डांस कर रही थीं, फिल्मी अभिनेत्री की तरह आधुनिक वेशभूषा धारण कर ये नन्ही बच्चियां शिक्षा के उस मंदिर में नाच रही थीं और गा रही थी कि "आज की रात मजा हुस्न का, आँखों से लीजिये"। शिक्षकों के सम्मानार्थ शिक्षक दिवस मनाया जाता है, वहां ये छोटी-छोटी लड़कियां नृत्य कला का कौन-सा प्रदर्शन कर रही है, उस स्कूल के शिक्षकों और उन बच्चियों के अभिभावकों के बारे में क्या कहें? जिन्होंने इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया। आज की आधुनिक पीढ़ी हमारे देश के महान समाज सुधारक, वैज्ञानिक, महान क्रांतिकारी देशभक्तों के बारे में जानती हो या नहीं, लेकिन उन्हें रील, फैशन, फिल्म इंडस्ट्री के बारे में जानकारी होती है। यहां तक कि बच्चों के रोल मॉडल भी देश के लिए जान न्योछावर करने वाले वीर सैनिक, संघर्षरत समाज सुधारक नहीं, बल्कि फिल्मी नायक-नायिकाएं हैं। क्योंकि बच्चों को पसंद आने वाली ऐसी मनोरंजक जानकारी उन्हें आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं।

आजकल संयुक्त परिवार अलग होकर छोटे परिवारों में विभक्त होते जा रहे हैं। अधिकांश परिवारों में, माता-पिता के पास अपने बच्चों की देखभाल के लिए समय नहीं होता है। बच्चे अपना समय कहाँ बिताते हैं, उनकी दिनचर्या क्या होती है, बच्चे कितना पैसा कहाँ खर्च करते है, अधिकांश अभिभावकों को यह भी पता नहीं होता। बच्चे जैसा कहते हैं माता-पिता वैसा ही विश्वास करते हैं। बहुत बार बच्चों पर अतिविश्वास और अति लाड-प्यार भविष्य में परिवार, समाज, देश के लिए बहुत महंगा पड़ता है। आजकल बच्चों में आपराधिक प्रवृत्ति काफी बढ़ गई है, वे छोटी-छोटी बातों पर उग्र हो जाते है, नशा करते है, हथियार रखते है, गिरोह बनाकर घूमते हैं। छोटी-छोटी बात पर लड़ने तैयार हो जाते है। गालीगलौच, छींटाकशी और अभद्र भाषा का प्रयोग तो ऐसे करते है, कि चाहे कितनी भी महंगी शिक्षा क्यों न दी जाए, उन्हें उचित मोड़ नहीं मिलता है। अक्सर खबरें पढ़ने-सुनने को मिलती हैं कि नाबालिग गंभीर अपराधों में शामिल हैं। हत्या, बलात्कार, चोरी, डकैती, मादक पदार्थों की तस्करी, जानलेवा हमले करने वाले कई गिरोहों में नाबालिग भी होते हैं। जिद पूरी न होने पर कुछ लड़कियां और लड़के अपने माता-पिता की जान लेने से भी नहीं डरते, अपनी मनमानी पूरी न होने पर वे हिंसक हो जाते है, ये बच्चे अपराधी बनकर पैदा नहीं होते, माता-पिता की गैर जिम्मेदारी और लापरवाही के कारण अपराधी बनकर पूरे समाज के लिए घातक बन जाते हैं। अधिकतर नवदम्पत्ति महिलाओं को घर पर भोजन बनाना पसंद नहीं है, इसलिए हमेशा स्वादिष्ट भोजन के लिए होटल जाना पड़ता है। शरीर को आवश्यक पोषक तत्व नहीं मिल पाते, जिससे सेहत हमेशा खराब रहती है, बच्चों को भी बाहर खाने की आदत लग जाती है। बच्चों को अपना अच्छा-बुरा पता नहीं होता, लेकिन अभिभावक भी बच्चों पर अंकुश नहीं लगाते, उलटे उन्हें बिगाड़ देते हैं। अक्सर माता-पिता घर में बड़े-बुजुर्गों के साथ अमानवीय व्यवहार करते हैं, लेकिन वही माता-पिता अपने बच्चों से आदर्श चरित्र की उम्मीद करते हैं। हमारे सभ्य समाज में शायद ही देखने-सुनने मिलता है कि शादी से पहले बेटे अपने परिवार से विभक्त हो गए है या उन्होंने अपने बड़े बुजुर्गों, अभिभावकों को वृद्धाश्रम में छोड़ दिया है, लेकिन शादी के बाद घर परिवार से विभक्त होना अब तो आम बात हो गयी है। जब यह असहाय बुजुर्ग व्यक्ति जीवन के अंतिम पड़ाव में कमजोर शरीर के साथ जिंदगी की जद्दोजहद से जूझ रहे होते है, उसी वक्त उन्हें अपनों के सहारे की सबसे ज्यादा जरुरत होती है और उसी वक्त अपने उनका साथ छोड़ देते है। आज के आधुनिक परिवेश में जहां सुख-सुविधाएं तो बहुत हैं, लेकिन इस आधुनिकता में मनुष्य ने अपनी खुशी, शांति, समाधान, स्वाभाविकता, भोलापन खो दिया है। मनुष्य इतने निचले स्तर पर चला गया है कि कई बार लोगों के स्वार्थ को देखकर ऐसा लगता है कि इनसे बेहतर तो पशु-पक्षी हैं, जो अपने लाभ के लिये दूसरों की जिंदगिया तबाह नहीं करते। फैशन और आधुनिक जीवनशैली के चक्कर में हम अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। अपराध, भ्रष्टाचार, पद और सत्ता का दुरुपयोग, प्रदूषण, मिलावट, हर जगह राजनीतिक हस्तक्षेप, अश्लीलता, झूठ, दिखावे, भेदभाव, धोखाधड़ी, नशाखोरी, लालच, असभ्य व्यवहार, ईर्ष्या के इस प्रदूषित वातावरण में मन की शांति प्राप्त करना एक भ्रम है।

**राष्ट्रीय युवा दिवस विशेष**



## हिमालय



हिमालय क सबसे बड़ महत्व दक्षिणी एशिया की क्षेत्रन खातिर बा जहाँ की जलवायु खातिर ई पहाड़ बहुत महत्वपूर्ण नियंत्रक कारक क काम करे ला। हिमालय क विशाल पर्वत शृंखला कुल साइबेरियाई ठंढा वायुराशियन के रोक के भारतीय उपमहाद्वीप के जाड़ा में बहुत ढेर ठण्ढा होखला से रक्षा करेलीं। इहे पहाड़ मानसूनी हवा की रस्ता में रुकावट पैदा कइ के ए क्षेत्र में पर्वतीय वर्षा करावे ला जेवना पर ए इलाका क पर्यावरण आ अर्थव्यवस्था निर्भर बा। हिमालय क उपस्थितिये अइसन कारण हवे जेवना की वजह से भारतीय उपमहाद्वीप की ओहू इलाकन में भी उष्ण कटिबंधी आ उपोष्ण कटिबंधी जलवायु पावल जाला जेवन इलाका कर्क रेखा की उत्तर ओर परे लन, नाहीं त ए इलाकन में त अक्षांशीय स्थिति की हिसाब से समशीतोष्ण कटिबंधी जलवायु मिले के चाही।

❑ हिमालय दक्खिन आ पूर्बी एशिया मे परबत माला हऽ, जवन भारतीय उपमहादीप आ तिब्बती पठार के बीचा में पुरुब-पच्छिम बिस्तार लिहले बा। ई एगो बिसाल परबत तंत्र हवे जहाँ संसार का सबसे बेसी ऊँचाई वाला अधिकांश पहाड़ी चोटी मौजूद बाड़ी। ए हिमालयी परबत तंत्र में करीब 110 गो चोटी 7,300 मीटर (24,000 फीट) से अधिका ऊँचाई वाली बाड़ी सऽ[1] जिनहन में बिस्व क सभसे ऊँच परबत चोटी माउंट एवरेस्टो सामिल बा। हिमालय के हवाई छबि, लद्दाख से लिहल हिमालय, भूबिज्ञान की हिसाब से देखल जाय त हिमालय परबत सभसे नया परबतन में गिनल जाला। एकरे उत्पत्ती क इतिहास देखल जाय त अन्य पर्वतन के तुलना में ई बहुते नया बा आ अभिन भी विकसिते हो रहल बा। हिमालय पहाड़ के बिस्तार कुल छह गो देस -पाकिस्तान, भारत, नेपाल, भूटान चीन आ म्यांमार में बाटे। हिमालय से निकले वाली नद्दिन क ए इलाका खातिर महत्व बा। सिन्धु, सतलज, गंगा, सरजू, गंडक, कोसी, ब्रह्मपुत्र आ यांग्त्सी नदी हिमालय से निकले वाली कुछ मेन-मेन नदी बाड़ीं कुल। हिमालय परबत श्रेणी में 15 हजार से अधिका ग्लेशियर बाड़न सऽ जिनहन क बिस्तार करीब-करीब 12,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर बाटे। हिमालय क पच्छिम से पूरुब के ओर बिस्तार सिंधु नदी की घाटी से ब्रह्मपुत्र नदी के मोड़ ले लगभग अढ़ाई हज़ार किलोमीटर (2,500 कि॰मी॰) आ उत्तर-दक्खिन के चौड़ाई करीब 160 से 400 कि॰ मी॰ बाटे। हालाँकि, एकर पूरबी आ पच्छिमी सीमा कौनो बहुत स्पष्ट रूप से परिभाषित नइखे। सिडनी बुर्राड नाँव क बिद्वान सिंधु नदी की मोड़ के एकर पच्छिमी सीमा मनलें। सबसे पच्छिम ओर क ऊँच परबत चोटी नंगा परबत बा आ पूरुब ओर क चोटी नामचा बरवा बा। एकर देशांतरी बिस्तार कुल 22 डिग्री की आसपास बाटे आ ई अपना पूरा बेंड़ी-बेंड़ा बिस्तार में पूरुब से पच्छिम ओर के एगो तलवार के आकार में बा। हिमालय की पहाड़ी इलाका क कुल क्षेत्रफल लगभग पाँच लाख वर्ग किलोमीटर (5,00,000 किमी2) बाटे। एकर औसत ऊँचाई समुंद्र-सतह से 600 मीटर हवे। राजनैतिक रूप से देखल जाय त हिमालय पहाड़ छह गो देसन में कुछ न कुछ बिस्तार लिहले बा। ई देश बाड़न - पाकिस्तान, भारत, नेपाल, भूटान चीन आ म्यांमार।

ई सभसे दक्खिन ओर स्थित बा आ सबसे नया बनल श्रेणी हवे। एके उप-हिमालय, बाहरी हिमालय आ शिवालिक कहल जाला। जम्मू में ए के जम्मू पहाड़ी कहल जाला, पंजाब में एकर बिस्तार पोटवार बेसिन से शुरू होला आ ई कुमायूँ आ नेपाल में होत कोसी नदी ले जाला। नैपाल में बुटवल क पहाड़ी एही का हिस्सा हवे। आसाम-अरुणाचल में डफला, मिरी, अभोर आ मिशमी क पहाड़ी एही क बिस्तार हई कुल। एकरी उत्तर में मध्य हिमालय से एके अलग करे वाला भ्रंश मेन फ्रन्टल फॉल्ट कहल जाला। एकर निर्माण मायोसीन काल से निचला प्लीस्टोसीन की बीच भइल रहे। शिवालिक की उत्तर में मध्य हिमालय या लघु-हिमालय श्रेणी बा। एके जम्मू काश्मीर में पीरपंजाल, कुमायूँ में नाग टिब्बा आ नैपाल में महाभारत श्रेणी कहल जाला। धौलाधार, हालाँकि एकरी दक्खिन ओर बा लेकिन एही क हिस्सा मानल जाला। एके महान हिमालय से अलग करे वाला भ्रंश के मेन बाउण्ड्री फॉल्ट कहल जाला।

हिमालय के तीन गो मुख्य समानांतर श्रेणी सब में सबसे उत्तरी आ सभसे ऊँच श्रेणी हवे जे बिना कौनों निचाई के लगातार फइलल श्रेणी हवे। बिबरण के सुबिधा खातिर सिडनी बुर्राड एकरा के चार गो क्षेत्रीय हिस्सा में बटले रहलें: आसाम हिमालय (ब्रह्मपुत्र से तीस्ता नदी तक), नेपाल हिमालय (तीस्ता से काली नदी तक), कुमाऊँ हिमालय (काली से सतलज तक) आ पंजाब हिमालय (सतलज से सिंधु नदी तक)। महान हिमालय के चापाकार श्रेणी के बीचोबीच 8000 मीटर ऊँचाई वाली चोटी धौलागिरि आ अन्नपूर्णा नेपाल देस में मौजूद बाड़ी, इनहन के काली गंडकी के बिसाल गॉर्ज अलगा करे ला। ई गॉर्ज हिमालय के पच्छिमी आ पूरबी दू हिस्सा में बाँटे ला परबत के रूप में भी आ इकोलॉजी के हिसाब से भी। काली गंडकी के सुरुआती बिंदु के लगे 'कोरा ला' नाँव के दर्रा बाटे जे महान हिमालय के श्रेणी पर माउंट एवरेस्ट आ के2 के बीच सभसे निचला बिंदु हवे।

अन्नपूर्णा के पुरुब ओर 8000 मीटर ऊँचाई वाली मनास्लु आ तिब्बत सीमा के लगे शिशापंगमा बाड़ी। इनहन के दक्खिन में काठमांडू स्थित बा जे नेपाल के राजधानी हवे आ हिमालय पर बसल सभसे बड़ शहर भी हऽ। काठमांडू के पूरुब में भोटे/सुन कोसी नदी बा जे तिब्बत में से निकले ले आ नेपाल आ चीन के बीचा में रस्ता एही के सहारे हो के जाला (अरानिको हाइवे आ चीनी नेशनल हाइवे 318)। अउरी पूरुब बढ़े पर महालंगुर हिमाल बा जे में दुनिया के छह गो सभसे ऊँच परबत चोटी मौजूद बाड़ी- चो ओयु, एवरेस्ट, ल्होत्से आ मकालू इनहन में सभसे ऊँच बाड़ी। खुम्बु प्रदेश के क्षेत्र, जवन पैदल यात्रा (ट्रेकिंग) खातिर मशहूर हवे, इहँवे बा आ माउंट एवरेस्ट के ओर दक्खिण-पच्छिम से बढ़े पर पड़े ला। अरुण नदी एह पहाड़ के उत्तरी ढाल पर बहे ले, एकरे बाद ई दक्खिन के ओर मुद जाले आ मकालू के पूरुब से हो के बहे लागे ले। नेपाल में दूर पूरुब में जा के हिमालय परबत कंचनजंघा के रूप में उभार ले ला आ भारत नेपाल सीमा पर ई हिस्सा हिमालय के सभसे पूरबी आठ हजारी चोटी वाला हवे।

कंचनजंघा के पूरबी साइड भारत के सिक्किम राज्य में पड़े ला जे पहिले अपने-आप में एगो राजघराना रहल। कंचनजंघा भारत के सभसे ऊँच चोटी हवे (K2 काश्मीर में भारत-पाक के बीच बिबादित बा)। सिक्किम में भारत से तिब्बत के राजधानी ल्हासा जाए के रस्ता बा जे नाथु ला से हो के गुजरे ला। सिक्किम के पूरुब ओर बौद्ध देस भूटान बा। भूटान के सभसे ऊँच पहाड़ गान्खर पुएन्सुम हवे। इहो दावेदारी बा कि ई परबत दुनिया के अइसन परबत सभ में सबसे ऊँच बाटे जिनहन पर अबतक ले न चढ़ल जा सकल बा। एह इलाका में हिमालय बहुत कटल-फटल बा आ एकरे पहाड़ी ढालन पर घन जंगल बाने। हिमालय एकरे बाद कुछ उत्तर-पुरुब के ओर मुड़ के अरुणाचल प्रदेश से हो के नामचा बरवा ले चहुँपे ला जे सभसे पूरबी ऊँच चोटी हवे। ई चोटी राजनीतिक रूप से तिब्बत में बा। नामचा बरवा पूरा तरीका से यारलुंग-सांपू मोड़ के भीतर पड़े ला आ सान्पू नदी के पूरुब ओर मौजूद चोटी ग्याला पेरी के भी कंचित-कलां हिमालये के हिस्सा मानल जाला। हिमालय के परबत श्रेणी सभ धरती के सभसे नया पहाड़ सभ से बनल हवे।

ई पहाड़ कुल अवसादी आ रूपांतरित चट्टानन के मुड़ के ऊपर उठे के कारन बनल हवें। प्लेट टेक्टानिक्स के आधुनिक थियरी के अनुसार ब्याख्या कइल जाय तब हिमालय के निर्माण महादीपन के टकराव से भइल हवे, जब भारतीय प्लेट दक्खिन ओर से आ के यूरेशियाई प्लेट से लड़ल आ इनहन के बीच में टेथीज सागर के मलबा बिचा में दबा के मोड़दार रूप में उपर के ओर उठ गइल। हिमालय के ठीक नीचे, भूगर्भ में, भारतीय प्लेट आ यूरेशियाई प्लेट के बीच टकराव वाली बाउंडरी पावल जाले जहाँ भारतीय प्लेट अबो धीरे-धीरे यूरेशियाई प्लेट के नीचे धँसकत जात बा आ हिमालय के ऊपर उठे के काम धीरे-धीरे आजु ले चल रहल बाटे.

## कैंडिरू मछली

कई सालों से अफ़वाहें फैली हुई थीं कि छोटी अमेज़न मछली मूत्र की गंध से आकर्षित होकर स्थानीय लोगों के जननांगों पर हमला करती है। फिर 1997 में एकमात्र प्रलेखित आधुनिक मामले में, एक ब्राज़ीलियाई व्यक्ति और एक स्थानीय डॉक्टर ने दावा किया कि एक कैंडिरू मछली पानी से बाहर कूद गई और उसके मूत्रमार्ग में तैर गई! बाद में, शोधकर्ताओं ने इन दावों को काफी हद तक गलत साबित कर दिया, यह देखते हुए कि कैंडिरू पानी से बाहर कूदने या इतने छोटे छेद तक तैरने में असमर्थ हैं, साथ ही कई अन्य विसंगतियाँ भी हैं। तो क्या इन बेतुकी कहानियों में कोई सच्चाई है? कैंडिरू वास्तव में मूत्र की ओर आकर्षित नहीं होता है, इसलिए अमेज़न, अहम, मूत्र त्याग करने वालों को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। वैज्ञानिक अभी भी इस अजीबोगरीब जंगली मछली की तह तक पहुँचने की कोशिश कर रहे हैं।



## डेनयांग-कुनशान ग्रैंड ब्रिज (चीन)



❑ 164.8 किलोमीटर लंबा डेनयांग-कुनशान ग्रैंड ब्रिज चीन को बीजिंग-शंघाई हाई-स्पीड रेलवे से जोड़ता है।इस पुल को वर्तमान में दुनिया के चुनिंदा इंजीनियरिंग चमत्कारों में से एक माना जाता है। चीन के लोकप्रिय महानगरों, जैसे कि शंघाई और जियांग्सू प्रांत के नानजिंग को जोड़ने वाला यह ओवरपास पुल देश की जीवन रेखा है। 2011 से परिचालन में, डैनयांग-कुनशान ग्रैंड ब्रिज चीन की प्रसिद्ध यांग्त्ज़ी नदी के समानांतर नदी के दक्षिणी किनारे पर लगभग 8 से 80 किलोमीटर तक चलता है। यह पुल कई आबादी वाले क्षेत्रों को छूता है, जैसे कि डैनयांग, चांगझौ, वूशी, सूज़ौ और कुनशान आदि। डेनयांग-कुनशान ग्रैंड ब्रिज का निर्माण 2010 में पूरा हुआ था। मुख्य मजदूरों, इंजीनियरों और बाकी पेशेवरों सहित 10,000 लोगों की एक मजबूत टीम ने अथक और समर्पित रूप से काम किया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि एशिया में सबसे लंबे पुल का निर्माण निर्धारित समय सीमा में पूरा हो सके। जून 2011 तक, चीन में डेनयांग-कुनशान ग्रैंड ब्रिज ने दुनिया का सबसे लंबा पुल होने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। डैनयांग-कुनशान ग्रैंड ब्रिज का निर्माण कोई आसान काम नहीं था। एक मेगा ड्रीम प्रोजेक्ट होने के कारण, इससे चीन के संचार बुनियादी ढांचे में उछाल आने की उम्मीद थी। चीन ने 2000 की शुरुआत से ही कई लंबे पुल बनाने की योजना बनाकर अपनी औद्योगिक क्षमताओं को बढ़ावा दिया। उस महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए, एशिया में सबसे लंबा पुल बनाना समय की मांग थी। डैनयांग-कुनशान ग्रैंड ब्रिज के निर्माण के साथ, चीन ने आसानी से अपने विशाल सार्वजनिक और औद्योगिक परिवहन प्रणाली पर काबू पा लिया।

यह पुल देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हालांकि, 2006 तक एक ठोस योजना बनाई गई और उसके बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ। इस प्रसिद्ध पुल के निर्माण से जुड़े कुछ उल्लेखनीय तथ्य इस प्रकार हैं: डानयांग-कुंशान ग्रैंड ब्रिज के निर्माण में 4 वर्षों का व्यापक प्रयास लगा। डानयांग-कुंशान ग्रैंड ब्रिज 164.8 किलोमीटर लंबा है, जमीन से इस पुल की अनुमानित ऊंचाई 100 फीट है. इस पुल ने पहले ही लुइसियाना में दुनिया के सबसे बड़े जल पुल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जो पोंटचाट्रेन कॉजवे झील में 24 मील लंबा है। इस पुल का एक विशिष्ट भाग 5.6 मील की दूरी पर सूज़ौ के खुले पानी में यांगचेंग झील के पार जाता है. पुल के इस हिस्से के निर्माण के लिए भारी मात्रा में स्टील केबल और 450,000 टन स्टील संरचना का उपयोग किया गया था। इस पुल का निर्माण इस तरह से किया गया है कि यह टाइफून और कम से कम 8 तीव्रता के भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं को सहन करने में सक्षम है। यह पुल 300,000 टन या उससे कम वजन वाले नौसैनिक जहाजों के सीधे प्रभाव को सहन कर सकता है।


## हेल्थ एंड फिट कैप्सूल फिटनेस की हितकारी औषधि

❑ आजकल की भागदौड़ के जीवन में फिट रहना ऊर्जावान रहना अति आवश्यक है। इसके लिए संतुष्टि आहार स्वास्थ्य के नियमों का पालन करना भी आवश्यक है। इसके साथ साथ आयुर्वेदिक रसायन औषधि अथवा टॉनिक का सेवन भी लाभप्रद होता है। शिवशंकर आयुर्वेदिक एजंसी सिताबर्डी टेंपल बाजार रोड नागपुर द्वारा निर्मित एवं वितरित 'हेल्थ एंड फिट कैप्सूल्स' अत्यंत उपयोगी टॉनिक साबित हुई है। उसमें घटक द्रव्यों में ब्राह्मी, शंखपुष्पी -अश्वगंधा यह आयुर्वेदिय औषधि शारीरिक एवं मानसिक बल प्रदान करने वाली होने से शरीर एवम् मन को उत्साहित रखने मे सहायक होती है। इसके साथ साथ विटामिन बी3, बायोटिन, कैल्शियम, ग्रेप सीडस एक्सट्रेक्ट, ओमेगा यह एवं बाकी मल्टी- विटामिन यह शरीर की ऊर्जा का स्त्रोत होने के कारण थकान को हटाकर शरीर की आवश्यकताओं को पूरा करके शरीर को पूरी तरह ऊर्जा प्रदान करने मे सहायक होता है। जिसके काल रोग की भागदौड़ भरी जीवन में शारीरिक एवम् मानसिक ऊर्जा भरपूर मिलती है. जिससे शरीर एवम् मन काम करके भी दुरुस्त तरोताजा रखने मेक् सहायता मिलती है. जिन व्यक्तियों को थकान, चाहे वह शारिरीक से या मानसिक होती है। काम में मन एवम् ऊर्जा नही लगता ऐसे लोगों को इसका सेवन अनुभवी वैरयों की सलाह से करसे घर बहुम अच्छा शारीरिक एवम् चित मानसीक फायदा लेकर शरीर मन तरोताजा होकर कार्यक्षमता बढ़ने मे सहायता मिल जाती है। जिससे पूरा दिन अच्छा होता है और स्वास्थ्य लाभ होते हुए देखा जा सकता है. तथापि इच्छुक व्यक्ति या रुग्ण जो कमजोरी तक थकान से ग्रस्त है वह व्यक्ति शिव शंकर आयुर्वेदिक अनुभवी की वैद्यो से औषधि ले सकते है.






**शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी**

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में (0712) 2567747, 2536077 इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें


नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# मोदी की मंशा पर फडणवीस की मुहर

## महाराष्ट्र में एक राज्य एक चुनाव

**मुंबई.**



देश में वन नेशन वन इलेक्शन के लिए बिल को लेकर सियासी संग्राम छिड़ा हुआ है। इसको लेकर एक तरफ मोदी सरकार इसे लागू करवाने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रही है तो दूसरी ओर विपक्ष इसके तहत होने वाले नुकसानों की गिनती कराकर इसे रोकने की हर संभव कोशिश कर रहा है। ऐसे में महाराष्ट्र में मोदी के इस प्लान को इस्तेमाल करने की कोशिश की जा रही है। बड़े स्तर से पहले छोटे स्तर पर यानी की महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनाव में इसका प्रयोग किए जाने की अटकलें तेज हो रही है। राज्य में सभी स्थानीय निकाय चुनाव एक साथ करवाने के कयास लग रहे हैं। सरकारी महकमे में भी इसकी चर्चा चल रही है। मतलब महानगर पालिका, जिला परिषद, पंचायत समिति, नगर परिषद के सारे चुनाव एक साथ करवाए जा सकते हैं। इससे बार-बार लगने वाली आचार संहिता और उससे विकास कार्यों पर आने वाली रुकावट भी दूर होगी।

सभी मनपा में प्रशासक राज चल रहा है। अधिकतर नगर परिषद, नगर पंचायतों की भी ऐसी ही स्थिति है। स्थानीय निकाय संस्थाएं बिना जनप्रतिनिधि के हो गई हैं, चर्चा है कि ओबीसी पर निर्णय आते ही सभी संस्थाओं के चुनाव एक साथ करवाने का विचार सरकार कर रही है। ऐसा हुआ तो एक राज्य एक चुनाव की नीति अपनाने वाला महाराष्ट्र पहला राज्य हो जाएगा।

### 22 जनवरी को होगी सुनवाई

❐ हालांकि राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव ओबीसी आरक्षण मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर निर्भर है। आशा जताई जा रही है कि 22 जनवरी को इस संदर्भ में सुपर सुनवाई है। इसी दिन सुको अपना निर्णय भी दे सकता है। ओबीसी आरक्षण के मुद्दे के चलते बीते 3 वर्ष से स्थानीय निकाय चुनाव नहीं हो पाए हैं। कुछ गिने-चुने जिला परिषद में पदाधिकारी बचे हैं जिनका कार्यकाल भी 1-2 महीनों में समाप्त हो रहा है।

# विवादों में 'माझी लाड़की बहिन' योजना

**मुंबई.**



महाराष्ट्र में बहुचर्चित 'माझी लाडकी बहिन योजना' को लेकर विवाद गहरा गया है. 2 महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन ने एमपी की तर्ज पर महाराष्ट्र में भी इस योजना को लागू किया और चुनाव प्रचार में इसका भरपूर इस्तेमाल किया. इतना ही नहीं, चुनाव से पहले महिलाओं के बैंक खातों में 1500 रुपए की कुल 5 किस्तें भी जमा कराई गईं और दावा किया गया कि चुनाव जीतते ही यह किस्त बढ़कर 2100 रुपए हो जाएगी. राज्य की महिलाओं ने महायुति को चुनाव जिताया, लेकिन अब तक उनके खाते में 2100 रुपये की रकम नहीं आई है. राज्य के कृषि मंत्री ने यहां तक कह दिया कि लाडकी बहिन योजना की वजह से किसानों की कर्जमाफी योजना प्रभावित हो रही है. महाराष्ट्र सरकार द्वारा शुरू की गई 'माझी लाडकी बहिन योजना' अब विवादों में आ गई है.

विधानसभा चुनाव में वादा किया गया था कि चुनाव जीतने के बाद इस योजना की राशि 1500 से बढ़ाकर 2100 कर दी जाएगी. लेकिन चुनाव जीतते ही इस योजना के लाभार्थियों की जांच शुरू कर दी गई. आरोप है कि बड़ी संख्या में महिलाओं ने इस योजना के तहत दो बार पंजीकरण कराया और दो बार पैसे लिए. एक ही घर की 4 से 5 महिलाओं ने इस योजना का लाभ उठाया. जिनके पास 4 पहिया वाहन हैं वे भी लाभार्थी बन गईं और जो शादी करके दूसरे राज्य में चले गए वे भी इस योजना के लाभार्थी बन गए. इतना ही नहीं, जिनकी सालाना आय 2.5 लाख से अधिक है वे भी इस योजना का लाभ उठा रहे हैं. अब सरकारी मशीनरी ऐसे लाभार्थियों की सूची बनाकर उन्हें इस योजना से हटा रही है.

## 12वीं बोर्ड परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी

**पुणे.**

महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने वर्ष 2025 की कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी कर दिया है। जो छात्र इस परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले हैं, महाराष्ट्र बोर्ड कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 21 फरवरी से शुरू होगी जो 17 मार्च 2025 तक चलेंगी। वहीं कक्षा 12वीं की परीक्षा 11 फरवरी से शुरू होगी और 11 मार्च 2025 तक तक चलेगी। बोर्ड ने उच्च माध्यमिक स्कूलों और जूनियर कॉलेजों को कहा है कि यदि इसमें किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आती है तो इस स्थिति में वे विभागीय बोर्ड से संपर्क करें। साथ ही शिक्षा संस्थानों को एडमिट कार्ड डाउनलोड कर उस पर मुहर लगाकर मुख्याध्यापक/प्राचार्य के हस्ताक्षर के बाद विद्यार्थियों को उपलब्ध कराने को कहा गया है।




❐ पंचगनी, भारत के महाराष्ट्र राज्य के सतारा ज़िले में स्थित एक नगर है। यह पश्चिमी घाट में स्थित एक हिल स्टेशन है, जहाँ कई पर्यटक आकर्षण हैं। यह महाबलेश्वर से 20 किमी, पुणे से 108 किमी और मुम्बई से 250 किमी दूर है। पंचगनी कई प्रमुख आवासीय शिक्षण संस्थानों के लिए भी प्रसिद्ध है। पंचगनी की खोज ब्रिटिश लोगों के द्वारा की गयी थी यह ब्रिटिश लोगों के लिए गर्मियों से बचने के एक जगह के रूप में प्रसिद्ध था। 1860 के दशक में जॉन चेस्सों नामक एक अंग्रेज अधीक्षक नियुक्त हुआ था। उसने पश्चिमी दुनिया के बहुत सारे पौधों की प्रजातियों को पंचगनी में लगाया जिसमे सिल्वर ओक एवं पोइंसेत्टिया प्रमुख हैं। जो अब पूरी तरह से पंचगनी के ही समझे जाते हैं। महाबलेश्वर ब्रिटिश लोगों के लिए गर्मी की पसंदीदा जगह थी लेकिन मानसून के दौरान यह निर्जन एवं रहने के लायक नहीं रह जाता था। पंचगनी का मौसम सालों भर खुशनुमा होता था इसलिए इसको अंग्रेजों द्वारा इससे आराम गृह के तौर पर विकसित किया। जॉन चेस्सन को एक उपयुक्त जगह खोजने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया था। उन्होंने रुस्तमजी दुबाश की सहायता से इस क्षेत्र में पहाड़ियों का सर्वेक्षण किया, और अंत में पांच गांवों के आसपास के क्षेत्र को चुना एवं पंचगनी। इसके अधीक्षक के तौर पर चेस्सन को नियुक्त किया गया। पंचगनी के बुनियादी ढाँचे को विकसित करने के लिए चेस्सन ने विभिन पेशेवरों को यहाँ बसाने के लिए जिसमे दरजी, धोबी, कसाई, सब्जी विक्रेताओं, बिल्डिंग ठेकेदार इत्यादि प्रमुख थे। उनको बाज़ार के नीचे वाले क्षेत्र को आवंटित किया गया एवं यह ग्राम स्थान के नाम से जाना जाता था। चेस्सन को सेंट पीटर चर्च के कब्रिस्तान में दफन किया गया है।

# महाराष्ट्र में फिर सजेगा जनता दरबार

## इन नेताओं के साथ समस्या सुनेंगे अजित पवार



**मुंबई.** बारामती स्थानीय निकाय चुनाव से पहले राजनीतिक नेता फिर से अपना काम दिखाने के लिए पूरा जोर लगा रहे है। ऐसे में अजित पवार जो हाल ही में दूर चल रहे थे वे वापस लाइम लाइट में आ रहे है। अजित पवार ने अब अपनी पार्टी एनसीपी के सभी मंत्रियों को सख्त निर्देश दे दिए है। अजित पवार ने अपने नेताओं को नियमित रूप से लोगों की समस्याएं सुनने और उनका समाधान निकालने का निर्देश दिया है। इसके लिए जनता दरबार लगाने का निर्देश भी दे दिया है। इन मंत्रियों को हर मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को जनता दरबार लगाकर आम लोगों से सीधे संवाद करने को कहा गया है। यह जनता दरबार एनसीपी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। यह भी तय हो चुका है कि कौन सा मंत्री किस दिन जनता दरबार लगाएगा। इसका मतलब अब हर हफ्ते मंगलवार को कैबिनेट मंत्री हसन मुश्रीफ, धनंजय मुंडे, दत्तात्रेय भरणे और मकरंद पाटिल जनता दरबार लगाएंगे। हसन मुश्रीफ,माणिकराव कोकाटे, नरहरि झिरवाल, बाबासाहेब पाटिल और अदिति तटकरे जनता दरबार लगाएंगे। अजित पवार पहले से ही बारामती में जनता दरबार लगाते रहे हैं। वहीं, इंद्रनील नाइक और हसन मुश्रीफ गुरुवार को जनता दरबार लगाएंगे। इस जनता दरबार के जरिए पार्टी के नेता जनता का समर्थन जीतने की कोशिश करेंगे और साथ ही आम लोगों की समस्याओं को सुलझाने का काम पार्टी के ये सभी मंत्री करेंगे। हमेशा की तरह इस बार भी अजित पवार अपने निर्वाचन क्षेत्र बारामती में ही जनता दरबार लगाएंगे।

इससे पहले शनिवार को सुबह खुद अजित पवार ने अपने निर्वाचन क्षेत्र बारामती पहुंचकर यहां के विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने साथ ही यहां के होस्टल, बारामती तालुका पुलिस स्टेशन और सड़क निर्माण के कार्यों की समीक्षा की और इसके कार्यों की अधिकारियों से जानकारी ली। अजित पवार ने कहा कि अच्छी गुणवत्ता का काम करने के लिए उन्होंने सुझाव भी दिया है।

# पीएम मोदी के 'इंसान' वाले बयान पर भड़के राउत

**मुंबई.**



राउत ने पीएम के बयान पर उन्होंने शनिवार को कहा, 'वह (मोदी) भगवान हैं। मैं उन्हें इंसान नहीं मानता। भगवान तो भगवान हैं। अगर कोई खुद को अवतार घोषित करता है, तो वह इंसान कैसे हो सकता है? वह विष्णु के 13वें अवतार हैं। अगर कोई व्यक्ति जिसे भगवान माना जाता है, वह कहता है कि वह इंसान है, तो कुछ गड़बड़ है। इसमें कोई केमिकल लोचा है।' संजय राउत ने कहा कि उनकी पार्टी आगामी स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ेगी। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन भारत और महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए है। उन्होंने कहा, 'गठबंधन में विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं को अवसर नहीं मिलते और इससे संगठनात्मक विकास में बाधा आती है। हम मुंबई, ठाणे, नागपुर और अन्य नगर निगमों, जिला परिषदों और पंचायतों के चुनाव अपने दम पर लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पार्टी को संकेत दिया है कि उसे अकेले चुनाव लड़ना चाहिए। संजय राउत के इस बयान से यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी की गाड़ी थमने वाली है।

संजय राउत ने राज्य विधानसभा में एमवीए की हार को लेकर आरोप-प्रत्यारोप को लेकर कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो लोग आम सहमति और समझौते में विश्वास नहीं करते हैं, उन्हें गठबंधन में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

इसे लेकर राजनीतिक हमले और पलटवार के आसार हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत गठबंधन ने लोकसभा चुनाव के बाद एक भी बैठक नहीं की। शिवसेना यूबीटी नेता ने कहा, 'हम भारत गठबंधन के लिए एक समन्वयक भी नियुक्त नहीं कर सके। यह सही नहीं है। गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते, बैठक बुलाना कांग्रेस की जिम्मेदारी है।

# स्पेशल कोर्ट ने राहुल गांधी को राहत



**मुंबई.**

पुणे की एक विशेष अदालत ने हिंदुत्व विचारक वीडी सावरकर पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से संबंधित मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को शुक्रवार को जमानत दे दी. राहुल गांधी के वकील ने ये जानकारी दी है. राहुल गांधी के अधिवक्ता ने बताया कि एमपी/एमएलए अदालत ने लोकसभा में विपक्ष के नेता को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए थे. अदालत ने उन्हें 25 हजार रुपये के मुचलके पर जमानत दे दी. न्यायिक मजिस्ट्रेट (फर्स्ट क्लास) और एमपी-एमएलए मामलों के विशेष न्यायाधीश अमोल शिंदे की अध्यक्षता वाली कोर्ट के समक्ष सीनियर कांग्रेस नेता मोहन जोशी राहुल गांधी के जमानतदार के रूप में उपस्थित थे.

राहुल का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील मिलिंद पवार ने कहा कि उनके मुवक्किल के अदालत में पेश होने के तुरंत बाद, उन्होंने जमानत याचिका दायर की. जिसे न्यायाधीश ने स्वीकार कर लिया और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को 25000 रुपये के मुचलके पर जमानत दे दी. अधिवक्ता ने कहा कि अदालत ने रायबरेली से लोकसभा सांसद को उसके समक्ष पेश होने से स्थायी छूट भी दे दी है. ये मामला वी डी सावरकर के पोते सात्यकी की शिकायत पर दर्ज किया गया था, उन्होंने आरोप लगाया था कि राहुल गांधी ने मार्च 2023 में लंदन में आयोजित एक कार्यक्रम में हिंदुत्व आइकन के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी. इससे पहले सत्यकी सावरकर का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील संग्राम कोल्हटकर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उपस्थित होने की मांग करने वाले राहुल गांधी के आवेदन पर आपत्ति जताई. कोल्हटकर ने तर्क दिया कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो किसी आरोपी को जमानत लेने से पहले वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश होने की अनुमति देता हो. हालांकि, अदालत ने कांग्रेस नेता को कार्यवाही में ऑनलाइन शामिल होने की अनुमति दे दी.

अब इस मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी. शिकायत के अनुसार, राहुल गांधी ने लंदन कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि सावरकर ने एक किताब में लिखा था कि उन्होंने और उनके पांच-छह दोस्तों ने एक बार एक मुस्लिम व्यक्ति की पिटाई की थी और उन्हें (सावरकर) खुशी महसूस हुई थी.

## सिद्दीकी केस में चार्जशीट की कॉपी के लिए कोर्ट पहुंचे बेटे जीशान



**मुंबई.**

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच की जांच से उनके बेटे जीशान सिद्दीकी नाखुश हैं. एनसीपी नेता जीशान सिद्दीकी ने गुरुवार को मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और अपने पिता की हत्या की चल रही जांच को लेकर कई चिंताएं जताईं. जीशान ने जांच में कई खामियां होने का आरोप लगाया और दावा किया कि जिन संदिग्धों की उन्होंने पहचान की थी, उनसे अभी तक पूछताछ नहीं की गई है. मीडिया से बात करते हुए जीशान ने कहा,'मैंने जिन लोगों को संदिग्ध बताया है, उनसे पूछताछ नहीं की गई है. क्या बिल्डर लॉबी शामिल है? पुलिस ने उन बिल्डरों से पूछताछ क्यों नहीं की?


जिन्हें मैंने पहचाना था.' बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान ने आगे कहा,'मुख्य संदिग्ध-अनमोल बिश्नोई, शुभम लोनकर और जीशान अख्तर अभी भी फरार हैं. पुलिस इन लोगों को हिरासत में लिए बिना कैसे यह निष्कर्ष निकाल सकती है कि बिल्डर इसमें शामिल नहीं थे? मुझे नहीं पता कि कौन किसको बचाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन हम पूरी जांच सुनिश्चित करेंगे. जीशान ने आगे कहा,'मैंने पुलिस के साथ कई नाम साझा किए हैं और जल्द ही और नाम बताने का इरादा है.'

## 16 साल की छात्रा ने किया सुसाइड

**मुंबई.** महाराष्ट्र में मुंबई के एक बड़े नामी इंटरनेशनल स्कूल में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. यहां पर स्कूल में पढ़ने वाली 16 साल की 11वीं की छात्रा ने स्कूल के ही बाथरूम में जूते के लेस से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. छात्रा आज सुबह स्कूल गई और हमेशा की तरह अपना लेक्चर अटेंड किया. इसके बाद दोपहर को छात्रा स्कूल के बाथरूम में गई और खुद के जूतों की लेस से खुद को ही फांसी लगा ली. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी. पुलिस को घटनास्थल पर से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. पुलिस ने मृत छात्रा के माता-पिता से पूछा कि क्या उन्हें किसी पर शक है? तब लड़की के माता-पिता ने कहा कि उन्हें किसी पर कोई शक नहीं है. पुलिस ने इस मामले में फिलहाल एक्सीडेंटल डेथ रिपोर्ट दर्ज की है और पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिरकार छात्र द्वारा इतना बड़ा कदम क्यों उठाया गया. स्कूली बच्चों द्वारा आत्महत्या के मामले तेजी से बढ़े हैं.बीते दिनों बांदा में 12वीं की छात्रा ने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि बेटी की परीक्षाएं चल रही थीं. स्कूल का एक टीचर फीस को लेकर उसे परेशान करता था.

# फेमस डांस ग्रुप से धोखाधड़ी

**मुंबई.**




बॉम्बे हाईकोर्ट ने मीरा भयंदर पुलिस कमिश्नरेट के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को एक डांस ग्रुप की शिकायतों पर गौर करने और फिर उचित कदम उठाने का आदेश दिया है. जस्टिस रेवती मोहिते-डेरे और डॉ. नीला गोखले की पीठ "वी. अनबीटेबल" डांस ग्रुप द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने दावा किया था कि उनके अपने पूर्व मैनेजर ने उनसे ₹1.96 करोड़ ठगे हैं. अधिवक्ता श्रवण गिरी के माध्यम से दायर समूह की याचिका में मांग की गई थी कि पुलिस को कोरियोग्राफर ओम प्रकाश चौहान और कुछ अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया जाए. याचिका में आरोप लगाया गया है कि मीरा रोड पुलिस आरोपी कोरियोग्राफर/पूर्व प्रबंधक चौहान के साथ मिली हुई है और जब समूह के सदस्य अपने पैसे मांगने गए थे, तो उन्होंने उनके साथ मारपीट की थी. उसके बाद से मीरा रोड पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही है. लेकिन अब याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि जांच अधिकारी ने उनके साथ इस तरह से दुर्व्यवहार किया जैसे कि वे ही आरोपी हों. एडवोकेट गिरी द्वारा अदालत को सौंपे गए हलफनामे में कहा गया है, "हमें कई बार बयान दर्ज करने के लिए बुलाया जाता है और क्राइम ब्रांच परिसर के बाहर कड़ी धूप में 2-3 घंटे तक इंतजार कराया जाता है.

जब बयान देने के लिए बुलाया जाता है, तो हमारे कथन के अनुसार बयान दर्ज नहीं किया जाता है. हमारे द्वारा दिए गए भौतिक साक्ष्यों को नजरअंदाज कर दिया जाता है और उन्हें रिकॉर्ड में नहीं लिया जाता है." पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता जांच अधिकारी के खिलाफ गंभीर आरोप लगा रहे हैं. पीठ ने निर्देश दिया कि कमिश्नरेट के वरिष्ठ अधिकारी याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर हलफनामे को देखें और फिर निर्णय लें. समूह के वर्तमान प्रबंधक को आयुक्तालय के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मिलने का निर्देश दिया गया है और पीठ 20 जनवरी, 2025 को फिर से याचिका पर सुनवाई करेगी. डांस ग्रुप ने अमेरिकाज गॉट टैलेंट - द चैंपियन जीता था और उसे "बेस्ट टैलेंट इन द वर्ल्ड" का खिताब मिला था.

## आज का राशिफल

मेष- मेष राशि के जातकों के लिए कल दिन लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा. आपका कोई पुराना मित्र लंबे समय बाद आपसे मिलने आ सकता है.

वृषभ- राशि के जातकों के लिए दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है. कार्य क्षेत्र में आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है.

मिथुन- राशि के जातकों के लिए दिन किसी नए काम को करने के लिए अच्छा रहेगा. आप अपने पिताजी से कामों को लेकर सलाह ले सकते हैं.

कर्क- राशि के जातकों के लिए दिन सोच समझ कर कामों को करने के लिए रहेगा. आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना होगा.

सिंह- राशि के जातकों के लिए दिन कठिनाइयों भरा रहने वाला है. कार्य क्षेत्र में आपके बॉस यदि आपको कोई काम सौंपे.

कन्या- राशि के जातकों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है. कार्य क्षेत्र में आपके सहयोगी कामों में आपका पूरा साथ देंगे.

तुला- राशि के जातकों के लिए दिन सेहत के मामले में उतार चढ़ाव भरा रहने वाला है.

वृश्चिक- राशि के जातकों के लिए दिन खुशियों से सराबोर रहने वाला है. आप यदि नौकरी में बदलाव करने की योजना बना रहे थे, तो वह आप कर सकते हैं.

धनु- राशि के जातकों के लिए दिन मिश्रित रूप से फलदायी रहने वाला है .आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं.

मकर- राशि के जातकों को अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर सुलझाने की आवश्यकता है. आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा.

कुंभ- राशि के जातकों के लिए दिन मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपको अपने कामों में स्वच्छता से आगे बढ़ने की आवश्यकता है.

मीन- राशि के जातकों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है. आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से परिवार के सभी सदस्य व्यस्त रहेंगे.

# महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ी हलचल

**मुंबई.**



राज्य में हुए विधानसभा चुनावों में कई नेताओं ने दल बदलकर चुनाव लड़ा। कुछ बड़े नेता नामांकन पाने के लिए दूसरी पार्टी में चले गए, हालांकि कुछ लोग अभी भी निराश हैं। ऐसा लग रहा है कि विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा छोड़कर गए नेता अब वापसी को आतुर हैं। विधानसभा चुनाव का टिकट पाने के लिए भाजपा छोड़कर दूसरी पार्टी में शामिल हुए नेता फिर से भाजपा की राह पर चल पड़े हैं। पार्टी छोड़ने वाले नेता भाजपा नेतृत्व के संपर्क में हैं। भाजपा ने अभी तक यह निर्णय नहीं लिया है कि चुनाव से पहले नामांकन दाखिल करने वाले और अब पार्टी में वापसी की चाह रखने वाले लोगों को स्वीकार किया जाए या नहीं। विधानसभा में करारी हार के बाद भाजपा छोड़कर दूसरी पार्टी में जाने वाले इन नेताओं में बेचैनी का भाव है। इसी बेचैनी के चलते उन्होंने घर लौटने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। सांगली के पूर्व सांसद और एनसीपी नेता अजित पवार की पार्टी के नेता संजय काका पाटिल का नाम सबसे आगे चल रहा है। ऐसी चर्चा है कि संजय पाटिल भाजपा में वापस लौटेंगे। लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने सांगली निर्वाचन निर्वाचन क्षेत्र से संजय काका पाटिल को मैदान में उतारा था। ठाकरे गुट ने उनके खिलाफ चंद्रहार पाटिल को लोकसभा चुनाव का टिकट दिया था। हालांकि महाविकास आघाड़ी से बगावत कर कांग्रेस नेता विशाल पाटिल ने निर्दलीय चुनाव लड़ा और सफल रहे।

**कार्यकारी दंडाधिकारी तथा नायब तहसिलदार, उपविभागीय कार्यालय नागपूर शहर यांचे कार्यालय, नागपूर शहर**

Email : sdonagpur@gmail.com Phone No. 0712-2560048

**क्र. अका/प्रस्तुत/उविदं/नागश/कावि. /२०२४**
**दिनांक २३/१२/२०२४**

**वाचा : १)** जन्म मृत्यू नोंदणी अधिनियम- १९६९ चे कलम १३, **२)** जन्म मृत्यु नोंदणी (सुधारणा) कायदा २०२३ चा २०, **३)** भारत सरकार विधी व न्याय विभाग यांचेकडील दिनांक ११/०८/२०२३ रोजीचे राजपत्र, **४)** मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे कडील आदेश क्रमांक अका/डी-१/जन्म-मृत्यु आदेश/कावि ५३५/२०२३, **५) अब्दुल वकील अब्दुल जब्बार,** वय ६४ वर्ष यांचा अर्ज दिनांक २९/११/२०२४.

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **अब्दुल वकील अब्दुल जब्बार,** वय ६४ वर्षे, रा. टेका दुध डेअरी चौक हॉऊस नं. १५६३/अ/८४, सिध्दार्थ नगर, टेका आंबेडकर मार्ग, नागपूर यांनी स्वत:च्या **जन्माची** नोंद **महानगर पालिका** दप्तरी घेणेकरीता निर्देशीत करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हू अर्जदार यांचा जन्म दिनांक १५/०७/१९६० रोजी मोमीनपूरा, नागपूर येथे राहत्या घरी झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदर्हू अर्जदार यांना त्यांचे **जन्म** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्यांची नोंद घेणे कामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी कार्यकारी दंडाधिकारी तथा नायब तहसिलदार, नागपुर (शहर) उपरोक्त वाचा क्रं. १ आणि २ नुसार व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते कि, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह उपविभागीय दंडाधिकारी, नागपुर शहर यांचे न्यायालयात स्वत: जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनाम्याच्या दिनांकापासून **पंधरा दिवसाच्या आत** सादर करावे. उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहित धरून प्रस्तावित **जन्म** नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का
**कार्यकारी दंडाधिकारी तथा नायब तहसिलदार.**

Prasanna Publicity 09326927622

**PUBLIC NOTICE**

**Pro. No. 368 Date 07.01.25**
**IN THE COURT OF 3rd Jt. CIVIL JUDGE JR. DN., NAGPUR. Room No. 104**
**Succession Case No. 328/2024**
**Fixed For 14/02/2025**

**Applicant : 1) Shyam S/o Haribhau Channe,** R/o Plot No. 338, New Nandanwan Layout Nagpur. **2) Prakash S/o Haribhau Channe (Died) Thr Lrs2.1) Sangita Wd/o prakash Channe,** Plot No. 338 Nandanwan Layout Nagpur. **2.2) Pranay Prakash Channe,** Plot No. 338 Nandanwan Layout Nagpur. **2.3) Revati D/o Prakash Channe,** Plot No. 338 Nandanwan Layout Nagpur. **3) Mukund S/o Haribhau Channe,** R/o Plot No. 338 Nandanwan Layout Nagpur. **4) Yogita W/o Chandrakant Dhoke,** R/o Plot No. 338 Nandanwan Layout Nagpur. **5) Rakesh S/o Haribhau Channe,** R/o Plot No. 338 Nandanwan Layout Nagpur. **6) Naresh S/o Haribhau Channe,** R/o Plot No. 338 Nanadanwan Layout Nagpur. **--Versus-- Non-Applicants: Nil**

**Name of Deceased : 1) Indubai W/o Haribhau Channe, Died On: 01/03/2019,** R/o Plot No. 338, New Nandanwan Layout Nagpur.

Whereas **Indubai W/o Haribhau Channe, Died On: 01/03/2019,** R/o Plot No. 338, New Nandanwan Layout Nagpur. and Wherea **Shyam S/o Haribhau Channe & Oth.** has presented an application to this Court for grant of Succession Certificate U/s 372 of Indian Succession Act, **in respect of the arrears for family revision pension Rs. 54,200/-** standing in the name of the deceased & left by the **deceased.**

This is to give notice to all persons who may dispute the right of the said Applicants **Shyam S/o Haribhau Channe & oth**. as successor, of the deceased, to appear in the Court of **3rd Jt. Civil Judge Jr. Dn., Nagpur** on **14th day of Feb., 2025** at 10.30 a.m. There to enter their objections and it is here by declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate of succession of the said deceased. Given under my hand and the seal of the court, this day of **7th day of Jan., 2025.**

Seal
**By order of the Court**
**Asstt. Supdt. (T.W.)**
**Civil Judge Sr.Dn. Nagpur.**

Prasanna Publicity 09326927622

**जाहीरनामा**

**विद्यमान दिवाणी न्यायाधिश क-स्तर हिंगणा यांचे न्यायालयात**

**एम.जे.सी. १४/२०२३ पेशी तारीख ०३/०२/२०२५**

**Applicant : 1) Vikas Madhukar Korche, 2) Kunal Madhukar Korche, 3) Antakala Madhukar Korche,** All 1 to 3 R/o Nagazari Katandhara Arngaon, Devri Tah. Hingna, Dist. Nagpur. **--Vs-- Non-applicant : Nil**

**मयतदार: Late- 1) Ramchandra Maroti Korche, Died On 25/07/2023,** R/o Nagazari Katangdhara Amgaon Devri, Tah. Hingna Dist. Nagpur.

**Late- 2) Madhukar Maroti Korche, Died on 22/02/2008,** R/o Nagazari Katangdhara Amgaon Devri, Tah. Hingna Dist. Nagpur.

ज्यापेक्षा **Late- 1) Ramchandra Maroti Korche, Died On 25/07/2023,** R/o Nagazari Katangdhara Amgaon Devri, Tah. Hingna Dist. Nagpur. **Late- 2) Madhukar Maroti Korche, Died on 22/02/2008,** R/o Nagazari Katangdhara Amgaon Devri, Tah. Hingna Dist. Nagpur. येथे मयत झाले आणि **Applicant : 1) Vikas Madhukar Korche, 2) Kunal Madhukar Korche, 3) Antakala Madhukar Korche,** यांनी ह्या कोर्टास सदरहू वरील मयतदार यांचे (वारसान प्रमाणपत्र) (Legal Heirship Certificate) मिळण्या करीता बॉम्बे रेग्युलेशन ॲक्ट १८२७ प्रमाणे अर्ज दाखल केलेला आहे. त्यापेक्षा सदरहू अर्जदार सदरहू मयताचे वारसान नव्हे असे कोणास समजविण्याचे असेल तर ह्या जाहीरनाम्याचे प्रसिध्दीच्या तारखेपासून एक महीन्याचे आत, त्याने ह्या कोर्टात हजर होवून आपल्या हरकती कळवाव्या आणि ह्या लेखावरून असे कळविण्यात येते की, जर सदरहू मूदतीत कोणी योग्य हरकती न दाखविल्या तर सदरहू कोर्ट, सदरहू अर्जदार यांचे हक्काबद्दल लागलीच पूरावा घेवून त्यांचा हक्क शाबीत दिसल्यास त्यांना सदरहू वरील मयतदार यांचे वारसान प्रमाणपत्र (Legal Heirship Certificate) देईल.

आज दिनांक ०९.०१.२०२५ रोजी माझ्या सहीने व न्यायालयाच्या शिक्यानिशी दिला.

शिक्का
आदेशानुसार
स्वाक्षरी/-, सहाय्यक अधिक्षक
दिवाणी न्यायालय, क. स्तर, हिंगणा.

Prasanna Publicity 09326927622

## शिरडी महासम्मेलन के लिए बीजेपी के सैकड़ों कार्यकर्ता रवाना

**चंद्रपुर, सुनील तायडे.**





भारतीय जनता पार्टी का महाराष्ट्र महाधिवेशन शिरडी में होगा, चंद्रपुर से भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता विधायक किशोर जोरगेवार के नेतृत्व में शिरडी के लिए रवाना हो गए. इस यात्रा के लिए पांच बसों और चार पहिया वाहनों का उपयोग किया गया है और सभी कार्यकर्ता शिरडी में प्रवेश करेंगे. भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। चंद्रपुर के कार्यकर्ता बड़ी ऊर्जा, राष्ट्रीय सेवा के प्रति प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प के साथ इस यात्रा पर निकले हैं। इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा और वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए हैं. अनुशासित संगठन, देशभक्ति और एकता की भावना से प्रेरित होकर ये कार्यकर्ता शिरडी की ओर बढ़ रहे हैं। महासम्मेलन में पार्टी की नीतियों की समीक्षा कर आगे की दिशा तय की जायेगी. इसमें कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती पर मार्गदर्शन, आगामी चुनाव की रणनीति तय करने के साथ ही पार्टी की विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने के लिए नई गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी। चंद्रपुर निर्वाचन क्षेत्र के कार्यकर्ता पार्टी के लक्ष्यों के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और उनके अथक प्रयास से पार्टी संगठन मजबूत हो रहा है। विधायक किशोर जोरगेवार ने विचार व्यक्त किया है कि इस सम्मेलन से नई दिशा मिलेगी.

## जिला परिषद इंजीनियरों का पंजीकरण बढ़ाया जाए

**चंद्रपुर.** महाराष्ट्र इंजीनियर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी महाराष्ट्र के कुल 30 जिलों में काम कर रही है। एसोसिएशन के प्रयासों से आज 5 लाख से 1.5 करोड़ रुपये तक की श्रेणी में उद्यमी का पंजीकरण हो रहा है। जिला परिषद में इंजीनियरों को रजिस्ट्रेशन के लिए 50 लाख रुपये दिए जाते हैं। इस पंजीकरण को बढ़ाकर डेढ़ करोड़ करने की मांग महाराष्ट्र इंजीनियर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर प्रदीप पडोले ने एक पत्रकार परिषद के माध्यम से की है। यह भी कहा गया कि इस मुद्दे को सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। संगठन का पहला सम्मेलन 1998 में आयोजित किया गया था।तत्कालीन लोक निर्माण मंत्री नितिन गडकरी ने बेरोजगार इंजीनियरों के लिए पंजीकरण राशि 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 15 लाख रुपये करने का निर्णय लिया। उन्होंने महाराष्ट्र में पहली बार कार्य आवंटन समिति के माध्यम से लॉटरी पद्धति से बेरोजगार इंजीनियरों को सीधे 5 लाख रुपये का काम उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। इस निर्णय से बेरोजगार इंजीनियरों को आत्मनिर्भर बनने का रास्ता मिल गया।

## संपत्ति मालिकों को रियायतों की घोषणा

### ऑनलाइन पर 50 प्रतिशत और ऑफलाइन पर 45 प्रतिशत रियायत

**चंद्रपुर.**

चंद्रपुर नगर निगम एकमुश्त संपत्ति कर का भुगतान करने वालों को दंड में छूट दे रहा है और 2 जनवरी से 15 फरवरी तक संपत्ति कर का बकाया राशि के साथ एकमुश्त भुगतान करने वाले संपत्ति मालिक को दंड में छूट दी जा रही है। ऑनलाइन भुगतान करने पर 50 प्रतिशत और ऑफलाइन भुगतान करने पर 45 प्रतिशत की छूट है। इसी प्रकार, जो संपत्ति मालिक 15 फरवरी से 31 मार्च तक बकाया सहित पूरा टैक्स जमा करते हैं, उन्हें ऑनलाइन टैक्स भरने पर 25 प्रतिशत और ऑफलाइन टैक्स भरने पर 22 प्रतिशत जुर्माना दिया जाएगा।

साथ ही वर्ष 2024-2025 में जिन संपत्ति मालिकों ने दिसंबर 2024 तक जुर्माना भर दिया है, उन्हें जुर्माने की 50 प्रतिशत राशि अगले वित्तीय वर्ष में समायोजित की जाएगी। नगर निगम क्षेत्र में 80,000 से अधिक संपत्तियां हैं और सभी संपत्तियों की मांग हर साल दर्ज की जाती है। करदाताओं को टैक्स नोटिस भेजकर कर भुगतान करने का अनुरोध किया जाता है। टैक्स न चुकाने की स्थिति में जुर्माना लगाया जाता है और कभी-कभी संपत्ति सील कर दी जाती है। अधिक से अधिक वसूली हो और इसका उपयोग शहर के विकास कार्यों में हो, इस उद्देश्य से सिस्टम ने जोर-शोर से काम करना शुरू कर दिया है।

चंद्रपुर नगर निगम की स्वयं की आय बढ़ाने और कर्मचारियों के वेतन और नगर पालिका के अन्य छोटे खर्चों को अपनी आय से पूरा करने के लिए, सरकार ने संपत्ति कर के संग्रह को नियमित और प्रभावी बनाने के लिए महाराष्ट्र नगर निगम अधिनियम में संशोधन किया है। नगर निगम को इस प्रकार लगाये गये जुर्माने से पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से छूट देने का अधिकार होगा। संपत्ति कर की प्रभावी वसूली और संभावित उद्देश्य की पूर्ति के लिए नगर निगम ने पेनल्टी में छूट की घोषणा की है. चंद्रपुर नगर निगम इस माफी का लाभ उठाने की अपील कर रहा है.

## लड़कियां और महिलाएं कितनी सुरक्षित हैं?

**चंद्रपुर.** लालपेठ से नांदगांव होते हुए राजुरा जा रही बाइक पर सवार पीड़िता और दो अन्य लड़कियों की बाइक को अज्ञात युवकों ने लात मारी, पीड़िता के साथ छेड़छाड़ की और उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। इस संबंध में जब वह शिकायत दर्ज कराने चंद्रपुर शहर थाने गई तो पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि शिकायत दर्ज करने की बजाय उसे देर रात तक थाने में बैठाए रखा गया तथा आरोपियों की तरह अमानवीय व्यवहार किया गया तथा थाने में शिकायत दर्ज कराने की बजाय उसे बिठाया गया। संबंधित दो व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने से इनकार करने पर उन पर दया दिखाई गई। इस संबंध में पीड़ित महिला ने प्रेस वार्ता के माध्यम से पुलिस प्रशासन से आरोपी मोनू यादव और राजेंद्र यादव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित महिला ने बताया कि वह लालपेठ निवासी महेश शर्मा के कैटरर्स में वेटर का काम करती है। पीड़िता मनीषा कलेरिया और नाजिया शेख के साथ लालपेठ में महेश शर्मा के घर पर वेटरिंग के काम के पैसे लेने गई थी। जब उन्हें घर नहीं मिला तो वे शाम को दोपहिया वाहन से लालपेठ नांदगांव होते हुए राजुरा के लिए निकल पड़े।

## फर्जी ग्राम सभा प्रस्ताव, माणिकगढ़ सीमेंट की धोखाधड़ी: अली

> पर्यावरण वन विभाग से अनुमति लेने की माणिकगढ़ सीमेंट की योजना विफल हो जाएगी




**कोरपना.** चंद्रपुर जिले में स्थित माणिकगढ़ सीमेंट कंपनी गढ़चंदूर की जिवती तालुका में माणिकगढ़ जंगल के किनारे कुसुम्बी में खदानें हैं और इससे पहले 1781 में सरकार ने चूना पत्थर उत्खनन के लिए कंपनी को 643.62 हेक्टेयर भूमि बीस साल के लिए पट्टे पर देने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। जिसमें से 150-62 हेक्टेयर भूमि वन विभाग को समर्पित की गई थी, वन विभाग को इस उद्देश्य के लिए समर्पित सटीक क्षेत्र की जानकारी नहीं है हालाँकि कंपनी ने पूरे भूमि सर्वेक्षण सीमांकन चिह्न को नष्ट कर दिया है, इसलिए भूमि सर्वेक्षण विभाग या वन विभाग के पास उस सटीक क्षेत्र के बारे में सटीक जानकारी नहीं है जहां कंपनी चूना पत्थर की खुदाई कर रही है, अनुमोदन के लिए वन विभाग और नोडल अधिकारी महाराष्ट्र को प्रस्ताव भेजा गया है वन अधिनियम, 1980 के तहत लेकिन गिनती कुसुम्बी गांव आदिवासी पेसा क्षेत्र में है और इस क्षेत्र के आसपुर ग्राम पंचायत में फर्जी प्रस्ताव तैयार कर मानिकगढ़ सीमेंट कंपनी ने 16 12 2016 को वन विभाग को पत्र भेजकर जमीन की मांग की थी, लेकिन कंपनी ने जमीन की मांग की.

आदिवासी क्षेत्र ग्राम पंचायत आसापुर में किसी भी प्रकार का समाधान अनुरोध प्रस्तुत नहीं किया. ग्राम पंचायत 3 / 07 / 2013 ग्राम सेवक सरपंच की मिलीभगत से रजिस्टर पर गलत तरीके से प्रस्ताव दर्ज कर बैठक के मिनट्स इस संबंध में जब ग्राम पंचायत से पूछा गया तो माणिकगढ़ सीमेंट कंपनी को सूचित किया गया कि ग्राम पंचायत कार्यालय में उपस्थित सदस्यों के रजिस्टर पर कोई हस्ताक्षर नहीं किए है. ग्राम सभा में गलत तरीके से पंजीकरण कराकर उपस्थित नहीं होने वाले लोगों का नाम लिख दिया गया। उन्होंने कंपनी को कोई आपत्ति न देने का दिखावा किया, दरअसल, तहसीलदार ने सरकार और कोर्ट को एक हलफनामा दिया है क्योंकि यह जमीन बोमेवार मामलों में विवादित है, इस जगह पर 20 से 25 आदिवासी कोलम पर कब्जा किया जा रहा है और भूमि पट्टा धारक खेती कर रहे हैं और भूमि खुली है. इस निर्णय के संबंध में 190 हेक्टेयर भूमि देने से पहले खान विभाग, राजस्व विभाग और वन विभाग के पास शिकायत और आपत्तियां दर्ज की गई हैं।




## नशीले पदार्थों की तस्करी हमेशा के लिए बंद करें: जोरग़ेवार

> मृतक तन्मय खान के परिजनों से जोरग़ेवार की मुलाकात

**चंद्रपुर.**

नशे में धुत चार युवकों ने तन्मय खान की हत्या कर दी. ये सभी युवक नाबालिग हैं. विधायक किशोर जोरग़ेवार ने जिला पुलिस अधीक्षक सुदर्शन मुमक्का को नशीली पदार्थों की बिक्री के मूल कारण का पता लगाने और विक्रेताओं को हमेशा के लिए बंद करने के निर्देश दिए हैं. बाबूपेठ निवासी तन्मय खान की चार युवकों द्वारा हत्या करने की घटना गौतम नगर इलाके में हुई. सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. हालांकि आरोपी के नशे में पाए जाने से गांजा और ड्रग्स जैसे नशीले पदार्थ बेचने का मामला फिर से सामने आ गया है. इस बीच विधायक किशोर जोरगेवार ने तन्मय खान के परिवार से मुलाकात की. उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और ऐसी घटनाएं शांतिपूर्ण चंद्रपुर जिले के लिए बेहद खतरनाक हैं. इस समय विधायक जोरग़ेवार ने चंद्रपुर शहर थाने की थानेदार प्रभावती एकरे से संपर्क कर बाबूपेठ इलाके में पुलिस गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया है. साथ ही नशे के सौदागरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. जोरग़ेवार ने जिला पुलिस अधीक्षक सुदर्शन मुमक्का से फोन पर संपर्क किया और नशीली दवाओं की बिक्री के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की. उन्होंने निर्देश दिया कि स्कूल स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जाए और नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एक विशेष टीम का गठन किया जाए. उन्होंने पुलिस प्रशासन पर नाराजगी जताते हुए सवाल उठाया कि अगर स्थानीय नागरिकों को ऐसे पदार्थों की बिक्री की जानकारी होती है तो पुलिस को इसकी जानकारी कैसे नहीं होती. उन्होंने पुलिस अधीक्षक से ऐसे आपराधिक कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने को भी कहा है.

### जागरूकता अभियान चलाएं

यह चिंता का विषय है कि स्कूल जाने वाले युवा नशे के आदी हो रहे हैं। यदि ऐसे युवा मिले तो उनके अभिभावकों को सूचित करें। विधायक किशोर जोरग़ेवार ने स्कूल और कॉलेज स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाकर नशा मुक्त समाज बनाने पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिये हैं. नशे में धुत चार युवकों ने तन्मय खान की हत्या कर दी. ये सभी युवक नाबालिग हैं. विधायक किशोर जोरग़ेवार ने जिला पुलिस अधीक्षक सुदर्शन मुमक्का को नशीली पदार्थों की बिक्री के मूल कारण का पता लगाने और विक्रेताओं को हमेशा के लिए बंद करने के निर्देश दिए हैं.



## पेंशनभोगियों की शंकाओं एवं समस्याओं का समाधान



**चंद्रपुर.** पेंशन से संबंधित पेंशनरों की शंकाओं, समस्याओं और सुझावों को जानने और उनका समाधान करने के लिए नागपुर महालेखाकार कार्यालय के निर्देशानुसार चंद्रपुर जिला कोषागार कार्यालय में पेंशनरों की एक बैठक आयोजित की गई। नागपुर महालेखाकार कार्यालय के वरिष्ठ लेखा अधिकारी राजेश सांगोडे, सहायक लेखा अधिकारी चंद्रप्रकाश, जिला कोषालय अधिकारी सुहास पवार, अतिरिक्त कोषालय अधिकारी (पेंशन शाखा) राजश्री सेलुकर, संजय पडीशालवार, संतोष फुलेले, वरिष्ठ लेखाकार बालबिहारी प्रजापति, जिला पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश कासुलकर इस अवसर पर पेंशनर्स एवं अन्य लोग उपस्थित थे। वरिष्ठ लेखा अधिकारी राजेश सांगोड़े ने पेंशन मामले में आने वाली कठिनाइयों के संबंध में आहरण एवं संवितरण अधिकारी को मार्गदर्शन दिया। सहायक लेखा अधिकारी चंद्रप्रकाश ने पेंशनर्स को ई-पेंशन भुगतान आदेश के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में उपस्थित सभी पेंशनर्स की शंकाओं एवं समस्याओं का समाधान किया गया। परिचय में अतिरिक्त कोषाधिकारी (पेंशन शाखा) राजश्री सेलूकर ने उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा शुरू किए गए नए इलेक्ट्रॉनिक पेंशन भुगतान आदेश के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन रश्मि कहुरके ने किया और धन्यवाद ज्ञापन तानाजी पवार ने दिया।

# सोनी सब के 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में दिलीप ने विधायक सीट हासिल की

सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल पुष्पा (करुणा पांडे) की सशक्त कहानी के साथ दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है, जो एक दृढ़ और निडर महिला है। वह जीवन की चुनौतियों का सामना अटूट दृढ़ संकल्प के साथ करती है। हाल के एपिसोड में परिवार के नए साल के जश्न के दौरान ड्रामा चरम पर पहुंच गया, क्योंकि चॉल के मालिक बापोदरा (जयेश भरभरा) ने दिलीप (जयेश मोरे) को अप्रत्याशित बेदखली का नोटिस देकर सभी को चौंका दिया। घटनाओं के एक शानदार मोड़ में पुष्पा और दिलीप उसे मात देने के लिए सेना में शामिल हो जाते हैं, और दिलीप अंततः एक तीसरे पक्ष के माध्यम से घर खरीद लेता है, जिससे बापोदरा हैरान रह जाता है।



आगामी एपिसोड में ड्रामा और भी बढ़ जाता है क्योंकि बापोदरा और दिलीप राजनीतिक क्षेत्र में आमने-सामने होते हैं, चुनावों में एक-दूसरे के खिलाफ खड़े होते हैं। बापोदरा मीडिया को वीडियो लीक करके दिलीप की छवि खराब करने की साजिश रचता है कि कैसे उसने बादशाह (हितु पुजारा) को कार में बंद किया और उसके साथ अत्याचार किया। हालांकि, बापोदरा की चाल-बाजियों के बावजूद दिलीप ने सभी बाधाओं को पार किया और चुनाव में जीत हासिल की। अब जब दोनों प्रतिद्वंद्वी एक ही घर में हैं, तो आगे क्या-क्या मोड़ आने वाले हैं? जानने के लिए हमारे साथ बने रहें!

दिलीप पटेल की भूमिका निभाने वाले जयेश मोरे ने कहा, "दिलीप पटेल के रूप में मुझे एक ऐसे किरदार को निभाने का मौका मिला है जो जटिल और आश्चर्यों से भरा है। यह सीक्वेंस खास तौर पर रोमांचकारी है, क्योंकि इसमें दिलीप के तेज दिमाग और दृढ़ संकल्प को दिखाया गया है, जब वह व्यक्तिगत और राजनीतिक दोनों ही तरह की लड़ाइयों में बापोदरा का सामना करता है। इस यात्रा को और भी दिलचस्प बनाने वाली बात यह है कि दिलीप अपने चतुर दिमाग का इस्तेमाल करके चुनौतियों को जीत में कैसे बदल देता है, भले ही उसके खिलाफ़ बहुत सी मुश्किलें क्यों न हों। मैं दर्शकों के लिए इन महत्वपूर्ण पलों को देखने और यह देखने के लिए उत्साहित हूँ कि इस प्रतिद्वंद्विता के साथ घर में किस तरह की गतिशीलता विकसित होती है!" सोमवार से शनिवार रात 9:35 बजे सिर्फ़ सोनी सब पर पुष्पा इम्पॉसिबल देखने के लिए जुड़े रहिए.

# हार्ट अटैक नहीं, ब्रेन स्ट्रोक हुआ है...



एक्टर टीकू तलसानिया अस्पताल में भर्ती हैं. खबर आई कि उन्हें हार्ट अटैक आया है, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हालांकि, अब उनकी पत्नी का पहला बयान सामने आया है. उन्होंने बताया है कि उनके पति को ब्रेन स्ट्रोक हुआ है. जिसके बाद उनके तमाम फैन्स को चिंता में डाल दिया है. फैन्स उनके लिए प्रार्थना कर रहे हैं. वो हिंदी सिनेमा के एक दिग्गज एक्टर हैं. वो 250 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके हैं. इसके अलावा उन्होंने कई टीवी शोज में भी काम किया है. टीकू तलसानिया को ज्यादातर कॉमेडी रोल में देखा गया है. वो जब-जब पर्दे पर नजर आए हैं, उन्हें लोगों को हंसाने में कोई कमी नहीं छोड़ी. टीकू तलसानिया ने अपना करियर साल 1984 में टीवी सीरियल 'ये जो है जिंदगी' से शुरू किया था. उसके बाद उन्होंने साल 1986 में 'प्यार के दो पल' से फिल्मी डेब्यू किया. वो शाहरुख खान, सलमान खान, आमिर खान समेत कई बड़े एक्टर्स के साथ काम कर चुके हैं.


टीकू तलसानिया की फिल्में

टीकू तलसानिया आमिर-सलमान की अंदाज अपना अपना, इश्क, ढोल, कितने दूर कितने पास, धमाल जैसी बड़ी फिल्मों का हिस्सा रहे हैं. आखिरी बार वो पिछले साल थिएटर्स में रिलीज हुई 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में दिखे हैं. ये फिल्म पिछले साल अक्टूबर में रिलीज हुई थी.

# फराह खान रैंप वॉक में जमकर थिरकी...

## 60 साल की उम्र में दिखा 21 साल वाला जलवा

भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी निर्देशिका और लेखिका फराह खान। उन्होंने अब तक कई फिल्मों का निर्देशन किया है जो आज भी लोगों द्वारा पसंद की जाती हैं। फराह खान ने इस साल अपना 60वां जन्मदिन मनाया है। उन्हें हाल ही में कल एजियो लक्स वीकेंड के पांचवे संस्करण में अपना जलवा बिखेरते हुए भी देखा गया है।





फराह खान ने इवेंट का एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वे रेड ड्रेस में कमाल लग रही हैं। रैंप वॉक में निर्देशिका का दिलकश अंदाज देखने को मिला है। उन्होंने वॉक के दौरान गाने की हुक स्टेप कर फैंस का ध्यान अपना और खींचा है। इस वीडियो में फराह खान ने रेड कॉर्ड सेट के साथ करण जौहर के ब्रांड 'त्यानी' ज्वेलरी की ज्वेलरी स्टाइल की है। इस लुक के साथ उन्होंने गोल्डन फ्लैट हील पहनी है। इस पोस्ट को फराह ने एक शानदार कैप्शन के साथ अपने फैंस के लिए शेयर किया है। फराह खान ने कैप्शन में लिखा, 'कल रात इस तरह 60 की उम्र में प्रवेश किया!! शुक्रिया करण जौहर मुझे ऐसा करने के लिए मजबूर करने के लिए.. त्यानी ज्वेलरी के लिए.. 60 की उम्र में मैं कैसा महसूस कर रहा हूँ? बिलकुल वैसा ही जैसा मैंने 21 की उम्र में महसूस किया था.. उत्साहित और दुनिया से लड़ने के लिए तैयार! लेकिन कम परवाह के साथ' इसके बाद एक इमोजी के साथ पोस्ट खत्म किया।

# शंकर महादेवन से कैलाश खेर तक महाकुंभ में अपनी परफॉर्मेंस से बांधेंगे समा

महाकुंभ मेला को दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक माना जाता है. हर 12 साल बाद कुंभ मेले को आयोजित किया जाता है लेकिन इस बार 13 जनवरी से 26 फरवरी तक उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के त्रिवेणी संगम पर महाकुंभ मेले का ओयाजन किया जा रहा है. ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार ने इस धार्मिक आयोजन में परफॉर्म करने के लिए देश भर के पॉपुलर कलाकारों को न्यौता भेजा है. चलिए जानते हैं महाकुंभ 2025 में कौन कौन से सेलेब्स परफॉर्मेंस देंगे?

कल्चरल मिनीस्ट्री की प्रेस रिलीज के मुताबिक, शंकर महादेवन, कैलाश खेर और शान जैसे सिंगर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में परफॉर्म करने के लिए तैयार हैं. ओपनिंग डे पर शंकर महादेवन अपनी परफॉर्मेंस से महाकुंभ का आगाज करेंगे.







आखिरी दिन मोहित चौहान कार्यक्रम का समापन करेंगे. इनके अलावा भी देशभर से आए कलाकार महाकुंभ मेले के दौरान अपनी कला को दिखाएंगे.

कैलाश खेर, शान मुखर्जी, हरिहरन, कविता कृष्णमूर्ति, कविता सेठ, ऋषभ रिखीराम शर्मा, शोवना नारायण, डॉ. एल सुब्रमण्यम, बिक्रम घोष और मालिनी अवस्थी जैसे कलाकार भी महाकुंभ में परफॉर्म करेंगे.

जहां शान 27 जनवरी को महाकुंभ में समा बांधेंगे.


वहीं हरिहरन की परफॉर्मेंस 10 फरवरी को होगी, उसके बाद कैलाश खेर का प्रदर्शन 23 फरवरी को होगा.

प्रेस रिलीज के मुताबिक इन कलाकारों की परफॉर्मेंस महाकुंभ मेले में भक्तों के लिए एक मंत्रमुग्ध माहौल तैयार करेगा. ये परफॉर्मेंस कुंभ मेला मैदान में गंगा पंडाल में होंगे. कल्चरल डांस, फोक म्यूजिक और ड्रामैटिक आर्ट्स वाले ये इवेंट्स भक्तों और विजिटर्स को भारत की रिच कल्चर का दर्शन कराएंगे, साथ ही आध्यात्मिक और आर्टिस्टिक एक्सपीरियंस भी देंगे.

बता दें कि2025 का महाकुंभ मेला 12 सालों के बाद आयोजित किया जा रहा है और इस आयोजन में 45 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है. महाकुंभ के दौरान श्रद्धालु पवित्र डुबकी लगाने के लिए संगम पर इकट्ठा होंगे.

# कुंडली भाग्य की फेम 'शर्लिन' के घर गूंजी बच्चे की किलकारी

साल 2024 टीवी एक्ट्रेसेस के लिए बेहद खास रहा है। क्योंकि बीते साल देवोलीना भट्टाचार्जी से लेकर दृष्टि धामी और श्रद्धा आर्या तक मां बनी हैं। इसी बीच अब 2025 की शुरुआत होते ही एक और टीवी एक्ट्रेस के घर बच्चे की किलकारी गूंजी हैं।दरअसल, कुंडली भाग्य में 'शर्लिन' नाम से एक अलग पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस रूही चतुर्वेदी ने बेटी को जन्म दिया है। एक्ट्रेस ने ये खुशखबरी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर करके दी है।



हाल ही में रूही चतुर्वेदी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। जिसमें उन्होंने बताया कि 9 जनवरी को एक्ट्रेस ने एक बेबी गर्ल को अपने घर वेलकम किया है। एक्ट्रेस द्वारा शेयर किए गए इस पोस्ट में लिखा है कि, "दुनिया में स्वागत है बेबी गर्ल। रूही और शिवेंद्र, 09-01-2025।" साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा कि "हमारी बेटी यहां है। हैशटैग शिव की रूह, हमारी बेटी।"

पिछले साल नवंबर महीने में एक्ट्रेस ने अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट की थी और उन्होंने अपने पति शिवेंद्र साइनियोल के जन्मदिन पर बेबी बंप शेयर करते हुए बताया था कि वह जल्द ही अपने घर पहले बेबी का स्वागत करने जा रही हैं।

रूही चतुर्वेदी के मां बनने की खुशखबरी सुनकर फैंस से लेकर सेलेब्स तक उन्हें इस बात की बधाई दे रहे हैं। उनके इस पोस्ट पर स्वाति कपूर ने ढेर सारी हार्ट इमोजीस शेयर की हैं। साथ ही डेजी शाह ने भी उन्हें बधाई दी है। इसके अलावा अंजलि आनंद ने कमेंट करते हुए लिखा कि, "आप दोनों को बहुत-बहुत बधाई, गॉड ब्लेस।" श्रद्धा आर्या ने पोस्ट पर कमेंट किया और लिखा कि "वॉव। मैं अपनी छोटी जलेबी को देखने के लिए बेताब हूं।" वहीं मानसी श्रीवास्तव ने भी हार्ट इमोजी कमेंट कर अपना ढेर सारा प्यार लुटाया है।

अगर रूही चतुर्वेदी के करियर की बात करें, तो एक्ट्रेस ने कुंडली भाग्य में शर्लिन चोपड़ा का किरदार निभाकर करीब 6 साल से तक राज किया था। इसके बाद उनकी खलनायिकी लोगों को काफी पसंद आई थी। लेकिन शो में लीप के बाद एक्ट्रेस ने कुंडली भाग्य से छोड़ दिया था। था। फिर वह रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड शो खतरों के खिलाड़ी 14 में नजर आई थीं।

# 'मैं अभी भी हॉट हूं

सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' से फेमस हुईं एक्ट्रेस प्रियामणि अक्सर अपने लुक्स और दमदार एक्टिंग से धमाल मचाती रहती हैं। इससे पहले एक्ट्रेस मनोज बाजपेयी के साथ वेब सीरीज 'फैमिली मैन' में नजर आ चुकी हैं




और इस वेब सीरीज से उन्हें काफी लोकप्रियता भी मिली थी। लेकिन एक्ट्रेस को कई बार इंटर कास्ट मैरिज और अपने फिगर को लेकर ट्रोलर्स का सामना करना पड़ता है। इसी बीच अब हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में इस बात को लेकर खुलकर बात की और ट्रोलर्स को करारा जवाब भी दिया है।दरअसल, प्रियामणि ने दिए इंटरव्यू में बताया कि लोग उन्हें उनके स्किन कलर को लेकर भी बॉडी शेम करते थे। यहां तक कि उन्हें बूढ़ी और ब्लैक भी कहा जाता था। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने आगे कहा कि जब भी वो बिना मेकअप के कोई तस्वीर पोस्ट करती थी, तो लोग उनसे कहते थे कि आप बिना मेकअप में बिल्कुल आंटी लगती हैं इसलिए मेकअप में ही तस्वीरें डाला कीजिए।

इसके बाद एक्ट्रेस ने अब इसका जवाब देते हुए कहा कि ,"तो क्या हुआ! आज नहीं तो कल तुम भी आंटी बन जाओगी। मैं 38 साल की हूं, लेकिन मैं अभी भी हॉट दिखती हूं। आप लोग अपना मुंह बंद करिए। मुझे ऐसा लगता है कि आपको लोगों को खुश करने के लिए मैं खुद को क्यों बदलूं। ये मैं हूं और मैं हमेशा ऐसी ही हूं। मैं जैसी हूं मुझे वो बेहद पसंद है।वहीं एक्ट्रेस ने आगे कहा कि "उन्हें अब इन नेगेटिव कमेंट्स का कोई असर नहीं पड़ता है और उनके अपने माता-पिता और मंगेतर के अलावा किसी के प्रति जवाबदेह नहीं होना हैं।"

हालांकि, अब फैंस प्रियामणि के इस जवाब के बाद उन्हें सपोर्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने रेडिट पर कमेंट करते हुए लिखा कि,"उनके लिए अच्छा है! ट्रोलर्स को उनका इस तरह जवाब देते देखना मजेदार है।"दूसरे ने कहा कि, "मुझे समझ नहीं आता,आंटियां हॉट होती हैं।" इसके अलावा तीसरे ने कमेंट किया,"ठीक है, वह गलत नहीं है; वह हॉट हैं।" आपको बता दें, ज्यादातर लोग प्रियामणि को उनकी शादी के लिए ट्रोल करते हैं।

# हनी सिंह के मिलियनेयर इंडिया टूर टिकटों की बुकिंग शुरू

मशहूर सिंगर और रैपर हनी सिंह इन दिनों अपने कंसर्ट यो यो हनी सिंह मिलेनियर इंडिया टूर को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच भारत के कुछ चुनिंदा शहरों में होने जा रहे रैपर के अवेटेड कंसर्ट की लिस्ट सामने आई है। लेकिन अभी वेन्यू की कोई डिटेल सामने नहीं आई है। हालांकि, अगले महीने से शुरू होने जा रहे इस टूर की टिकटों की बुकिंग भी आज यानी 11 जनवरी से शुरू हो गई है।



दरअसल, हाल ही में रैपर हनी सिंह के मिलेनियर इंडिया टूर के टिकटों की बुकिंग की जानकारी उन्होंने खुद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करके दी है। साथ ही उन्होंने इस पोस्ट में बताया था कि मिलेनियर इंडिया टूर के टिकटों की बुकिंग 11 जनवरी से शुरू हो गई है और अब फैंस कंसर्ट के टिकट जोमैटो के डिस्ट्रिक्ट ऐप पर जाकर बुक कर सकते हैं। बता दें, हनी सिंह मिलेनियर इंडिया टूर के जरिए हनी सिंह भारत के 10 शहरों में परफॉर्म करने वाले हैं।

इसके अलावा हनी सिंह ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट कर लिखा कि "मौन आवाज का अंत नहीं है, ये इसकी शुरुआत है, ये वो जगह है जहां जिंदगी खुद को सुन

ने के लिए रुकती है। यही वजह है कि मैं इतने सालों तक चुप था और अब आप मुझे हर जगह सुनेंगे...हर हर महादेव।"

अगर उनके टूर की बात करें, तो सबसे पहले इसकी शुरुआत 22 फरवरी को मुंबई से होगी। इसके बाद रैपर 28 फरवरी को लखनऊ में परफॉर्म करेंगे। फिर सिंगर का शो 1 मार्च को दिल्ली में होगा और 8 मार्च को इंदौर, 4 मार्च को पुणे में होंगे। इन सबके बाद 15 मार्च को अहमदाबाद, 22 मार्च को बेंगलुरु, 23 मार्च को चंडीगढ़ और 29 मार्च को जयपुर में उनकी लाइव परफॉर्मेंस होगी। इसके अलावा आखिरी शो 5 अप्रैल को कोलकाता में होगा।एक खास बात ये भी है कि हनी सिंह मिलेनियर इंडिया टूर की एज लिमिट 16 साल से ज्यादा उम्र के लोग के लिए ही रखी गई है और यह शो चार घंटे तक चलेगा। इनसाइडर.इन के मुताबिक, रैपर इस कंर्सट में 'ब्राउन रंग', 'डोप शोप', 'लुंगी डांस' और 'लव डोज' जैसे अपने हिट गानों पर परफॉर्म देंगे।

# ऑस्कर्स में कैसे पहुंच गई 'कंगुवा'?


तमिल स्टार सूर्या की पहली पैन इंडिया फिल्म 'कंगुवा' इन दिनों खूब चर्चा में है. बीते साल 14 नवंबर को थिएटर्स में रिलीज हुई इस फिल्म का नाम, उन फिल्मों की लिस्ट में शामिल हुआ है, जो ऑस्कर अवॉर्ड्स 2025 की रेस में दौड़ने के लिए 'योग्य' हैं. रिलीज के दो हफ्ते के अंदर ही जिस फिल्म का नाम भी चर्चा से गायब हो गया हो, उसके ऑस्कर की रेस में दौड़ने की खबर लोगों के लिए काफी चौंकाने वाली थी. 'कंगुवा' ना सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही, बल्कि क्रिटिक्स से भी इसे बहुत नेगेटिव रिव्यू मिले और इस फिल्म के लिए जनता का वर्ड ऑफ माउथ भी नेगेटिव रहा था. हालांकि, इसमें बहुत ज्यादा चौंकने वाली बात नहीं है क्योंकि ऑस्कर अवॉर्ड्स दुनिया भर में सबसे प्रतिष्ठित और निष्पक्ष फिल्म अवॉर्ड्स माने ही इसलिए जाते हैं क्योंकि इनका सेलेक्शन प्रोसेस पारदर्शी होने की पूरी कोशिश करता है और बहुत डिटेल्ड है. 'फीचर फिल्म' की परिभाषा (कम से कम 40 मिनट लंबी फिल्म) पर खरी उतरने वाली हर फिल्म, जो बस कमर्शियल थिएटर्स में रिलीज हुई हो, वो ऑस्कर्स की रेस का हिस्सा बन सकती है. फिर क्रिटिक्स या बॉक्स ऑफिस से उसे कैसा भी रिस्पॉन्स मिला हो. कैसे? इसके लिए क्या नियम हैं? क्या शर्तें पूरी करनी होती हैं? यानी ऑस्कर्स का पूरा तामझाम है क्या, आइए बताते हैं... ऑस्कर्स देने का जिम्मा 'एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' संभालती है, जिसे इंग्लिश में सिर्फ 'द एकेडमी' या हिंदी में सिर्फ 'एकेडमी' भी कहा जाता है. आपने ध्यान दिया होगा कि इन अवॉर्ड्स को 'एकेडमी अवॉर्ड्स' भी कहा जाता है.


# तिहाड़ जेल के अनदेखे राज खोलती है 'ब्लैक वारंट'

## दमदार है सुनील गुप्ता की कहानी

हम सभी ने अपने जीवन में फिल्मों में जेल देखा है. जिसमें दिखाया जाता है कि एक कैदी को कैसे रखा जाता है और उसके साथ कैसा बर्ताव होता है. खैर फिल्मों में जो दिखाया जाता है, क्या असल जिंदगी में वैसा ही होता है इसका अंदाजा किसी को नहीं. बस जेल में बंद हुए कैदी और वहां मौजूद जेलर और सिपाही ही बता सकते हैं. लेकिन कैसा हो अगर आपको दिखाया जाए कि कैसे एक जेल के अंदर बंद हुए कैदी अपना जीवन जीते हैं? एक जेल के जेलर और सिपाहियों को आखिर किन-किन मुसीबतों का सामना करना पड़ता है? तो आप ये सबकुछ देख और महसूस कर सकते हैं क्योंकि हाल ही में नेटफ्लिक्स पर एक नई सीरीज रिलीज हुई है जिसका नाम है 'ब्लैक वारंट'. कैसी है ये सीरीज, आइए हम आपको बताते हैं.

नेटफ्लिक्स की सीरीज 'ब्लैक वारंट' दिल्ली के तिहाड़ जेल में पूर्व जेलर रह चुके सुनील गुप्ता की कहानी है. जिन्होंने वहां अपनी आधी से ज्यादा जिंदगी बतौर जेलर गुजारी है. सीरीज की शुरुआत से ही उनका तिहाड़ जेल में स्ट्रगल दिखाया जाता है. जिसमें बिकिनी किलर चार्ल्स शोभराज (सिद्धांत गुप्ता) उनकी मदद करता रहता है. लेकिन उनकी मुसीबतें कुछ हद तक डीएसपी राजेश तोमर (राहुल





भट्ट) बढ़ा देता है. सुनील गुप्ता के दो और साथी भी हैं शिवराज सिंह मंगट (परमवीर सिंह चीमा) और विपिन दहिया (अनुराग ठाकुर). ये तीनों तिहाड़ जेल को संभालते हैं. जेल में तीन गैंग हैं जो जात और धर्म के नाम पर बटे हुए हैं. जिनसे इन सभी को निपटना होता है. इस बीच जेल में कई सारे खतरनाक कैदियों को फांसी भी लगाई जाती है जिसकी जेलर सुनील गुप्ता देख-रेख कर रहे होते हैं. जेलर को तिहाड़ का माहौल संभालने में बड़ी परेशानी आती है क्योंकि वहां भ्रष्टाचार, खूनखराबा और दुर्व्यवहार होता है. अब आखिर कैसे जेलर सुनील गुप्ता तिहाड़ जेल का माहौल सुधारते हैं और उन्हें किन-किन परेशानियों का सामना करना पड़ता है, ये आप जब सीरीज देखेंगे, तभी आपको पता चलेगा. डायरेक्टर विक्रमादित्य मोटवानी और सत्यांशु सिंह ने ऑडियंस को एक ऐसी कहानी दिखाने का वादा किया है, जिसे देखकर शायद हर कोई अंदर से हिल जाएगा. इसमें दिखाए गए कई सारे सीन्स रियल लाइफ इवेंट्स से इंस्पायर्ड हैं, ऐसे में उन्हें स्क्रीन पर प्रेजेंट करना अपने आप में एक चैलेंज होता है. जिसे दोनों ही फिल्ममेकर्स ने शानदार तरीके से पूरा किया है. सीरीज में कई सारे ऐसे सीन्स हैं जो आपको जेल की अंदर की सच्चाई से रूबरू कराएंगे और आपके दिल में वहां की जिंदगी का एक खौफ पैदा करेंगे. इसमें काफी खून खराबा और मारकाट को भी दिखाया गया है जो दर्शाता है कि फिल्ममेकर ने कोई कसर नहीं छोड़ी है हमें जेल की असल जिंदगी दिखाने में. इसकी राइटिंग भी शानदार है, सभी सीन्स को काफी अच्छे से लिखा गया जिससे ये एंगेजिंग लगती है. इसमें दिखाया गया सस्पेंस भी कई बार काम कर जाता है. सुनील गुप्ता की लिखी गई किताब, जो इसी नाम से रिलीज की गई थी उसमें मौजूद किस्सों को भी अच्छे से स्क्रीन पर दिखाया गया है. सीरीज आपको जेल में काम कर रहे जेलर और सिपाहियों की जिंदगी के बारे में भी दिखाती है कि कैसे वो इतनी खतरनाक जगह पर अपनी जान की परवाह नहीं किए बगैर काम करते रहते हैं.

CMYK

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया की घोषणा में देरी

## 12 जनवरी की जगह इस तारीख को आ सकता है स्क्वाड

**नई दिल्ली.**

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय टीम की घोषणा में देरी हो सकती है। क्रिकबज की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। यह देरी चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी और हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज की व्यस्तताओं के कारण है। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 टीम के लिए टीम जल्द घोषित हो सकती है लेकिन वनडे सीरीज के लिए चैंपियंस ट्रॉफी के साथ ही घोषणा 18-19 जनवरी के आसपास होने की संभावना है। इंग्लैंड भारत में पांच टी20 और तीन वनडे मैच खेलेगा। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से पाकिस्तान-यूएई में शुरू होगी।

अजित अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति से शुरुआत में उम्मीद थी कि वे आईसीसी के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए 12 जनवरी तक चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अस्थायी टीम की घोषणा कर देंगे। लेकिन, अब ऐसा लग रहा है कि वे इसके लिए और समय मांगेंगे। आईसीसी टूर्नामेंट से पहले भाग लेने वाली टीमों से कम से कम एक महीने पहले एक अस्थायी टीम जमा करनी होती है। बाद में इसमें बदलाव करने की छूट होती है। लेकिन, इस बार आईसीसी ने टूर्नामेंट शुरू होने से पांच हफ्ते पहले टीम मांगी है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज की व्यस्तताओं का हवाला देते हुए, बीसीसीआई के और समय मांगने की उम्मीद है।

अगले कुछ दिनों में घोषित होने वाली टी20 टीम में कोई आश्चर्य नहीं होगा। इसमें वे खिलाड़ी शामिल होंगे जो अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ खेले थे। जसप्रीत बुमराह या मोहम्मद सिराज जैसे खिलाड़ियों के शामिल होने की कोई संभावना नहीं है। ये दोनों बांग्लादेश सीरीज से भी बाहर थे। अर्शदीप सिंह टी20 में गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे। पंजाब के इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के वनडे टीम में भी शामिल होने की संभावना है।



# आखिरी वनडे में श्रीलंका ने निकाला न्यूजीलैंड का तेल

**ऑक्लैंड.**

न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच 3 मैच की वनडे सीरीज का तीसरा और अंतिम मुकाबला एडन पार्क में खेला गया। यह मैच मेहमान टीम ने 140 रन से अपने नाम कर लिया। हालांकि न्यूजीलैंड ने शुरुआती दो वनडे लगातार जीतने के बाद सीरीज पहले ही अपने नाम कर ली थी। लेकिन श्रीलंका ने तीसरे वनडे में मेजबानों को चारों खाने चित कर दिया। आखिर मैच में क्या-क्या हुआ,

श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलंका ने तीसरे वनडे में न्यूजीलैंड के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था।

ऐसे में उन्होंने निर्धारित 50 ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 290 रन बनाए। श्रीलंका के लिए सर्वाधिक 66 रन पाथुम निसांका ने बनाए। इसके अलावा कुसल मेंडिस (54 रन) और जानिथ लियांगे (53 रन) ने अर्धशतक ठोका। कामिंदु मेंडिस ने भी 46 रन की अच्छी पारी खेली। न्यूजीलैंड की ओर से 4 विकेट मैट हेनरी ने लिए। 2 विकेट कप्तान मिचेल सैंटनर ने भी झटके। वहीं 1-1 सफलता नाथन स्मिथ और माइकल ब्रेसवेल को भी मिली।

291 रन के टारगेट का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड टीम की बल्लेबाजी पूरी तरह से फेल हो गई और वह सिर्फ 29.4 ओवर में 150 रन पर ही ऑल आउट हो गई। कीवी टीम के लिए सबसे ज्यादा 81 रन मार्क चैपमैन ने बनाए। वहीं विल यंग, टॉम लाथम और ग्लेन फिलिप्स अपना खाता भी नहीं खोल पाए और डक पर ही आउट हो गए। श्रीलंका के लिए असिथा फर्नानंडो, महीश तीक्षणा और ईशान मलिंगा ने 3-3 विकेट लिए। जानिथ लियांगे के खाते में भी 1 विकेट आया। बता दें कि न्यूजीलैंड ने पहले वनडे में श्रीलंका को 9 विकेट से हराया था जबकि दूसरे वनडे में 113 रन से मात दी थी।



# यशस्वी को क्यों मिलना चाहिए चैंपियंस ट्रॉफी में मौका

**नई दिल्ली.**

अगले महीने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत होने वाली है। 19 फरवरी को इस मेगा आईसीसी इवेंट का आगाज होगा। इस बार पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी को होस्ट कर रही है। हालांकि भारतीय टीम अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगी। बीसीसीआई जल्द ही टीम इंडिया का ऐलान कर सकती है। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं उन तीन कारणों के बारे में कि क्यों यशस्वी जायसवाल को मौका मिलना चाहिए।

23 साल के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इस वक्त शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच मैच की टेस्ट सीरीज में जमकर रन बनाए थे। वह भारत के टॉप स्कोरर रहे थे। उन्होंने 43.44 की औसत से 391 रन बनाए थे। इस दौरान उनके बल्ले से एक शतक और दो अर्धशतक देखने को मिले थे।वनडे में भारतीय टीम के लिए ओपनिंग रोहित शर्मा या शुभमन गिल में से कोई एक कर सकता है। उनके साथ यशस्वी जायसवाल एक अच्छे लेफ्ट हैंड कॉम्बिनेशन रहेंगे।

# देवजीत सैकिया लेंगे जय शाह की जगह

**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की यहां होने वाली विशेष आम बैठक (एसजीएम) में देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह भाटिया को आधिकारिक तौर पर क्रमशः बीसीसीआई सचिव और कोषाध्यक्ष चुना जाएगा।बीसीसीआई के चुनाव अधिकारी और भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) अचल कुमार जोती ने मंगलवार को सूची को जब अंतिम रूप दिया तो सैकिया और प्रभतेज रिक्त पदों के लिए मैदान में एकमात्र उम्मीदवार थे।

जय शाह के एक दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का चेयरमैन बनने के बाद से सैकिया बीसीसीआई के अंतरिम सचिव के रूप में काम कर रहे हैं। बीसीसीआई के संविधान के अनुसार किसी भी रिक्त पद को एसजीएम बुलाकर 45 दिनों के भीतर भरा जाना चाहिए। रविवार को इस अवधि का 43वां दिन है।

इससे पहले आशीष शेलार बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष थे लेकिन उन्होंने महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद यह पद छोड़ दिया था। इसके बाद ही भाटिया ने कोषाध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया।

जय शाह के एक दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का चेयरमैन बनने के बाद से सैकिया बीसीसीआई के अंतरिम सचिव के रूप में काम कर रहे हैं। बीसीसीआई के संविधान के अनुसार किसी भी रिक्त पद को एसजीएम बुलाकर 45 दिनों के भीतर भरा जाना चाहिए। रविवार को इस अवधि का 43वां दिन है। इससे पहले आशीष शेलार बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष थे लेकिन उन्होंने महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद यह पद छोड़ दिया था। इसके बाद ही भाटिया ने कोषाध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया।



# आइस हॉकी लीग के फाइनल में पहुंची मार्युल स्पामो

**लेह.**

महिला वर्ग में गत विजेता मार्युल स्पामो ने आइस हॉकी लीग सीजन 2 के पहले सेमीफाइनल में हमास क्विंस के खिलाफ 11-0 की शानदार जीत हासिल करते हुए फाइनल में जगह बनाई। कप्तान पद्मा चोरोल इस मैच में प्रमुख खिलाड़ी रही, जिन्होंने चार गोल किए और सीजन की दूसरी हैट्रिक पूरी की । पुरुषों के वर्ग में हमास वारियर्स ने वसीम बिलाल की कप्तानी में 11-3 की शानदार जीत दर्ज की, जिससे उन्होंने सेमीफाइनल में जगह बनाई। वसीम ने छह गोल किए। चांगथांग शांस ने शम वोल्व्स के खिलाफ 2-2 के ड्रॉ के बाद सेमीफाइनल में जगह पाई, जबकि जांस्कर चादर टैमर्स ने अपने अंतिम ग्रुप स्टेज मैच में 4-0 की जीत के साथ अपनी सीजन की समाप्ति की।

ग्रुप स्टेज का आखिरी दिन चांगथांग शांस और शम वोल्व्स के बीच रोमांचक मुकाबले से शुरू हुआ। पिछले साल के रनर-अप शांस ने पहले पीरियड में रक्षात्मक दृष्टिकोण अपनाया, और 9वें मिनट में वोल्व्स के स्टानजिन नामग्याल द्वारा की गई गलती के कारण आत्म-गोल से 1-0 की बढ़त बनाई। 26वें मिनट में टेयरिंग नुर्बू द्वारा शानदार बराबरी गोल के बाद, वोल्व्स ने वापसी की वहीं दूसरे पीरियड में दोनों टीमों ने महत्वपूर्ण मौके गंवाए। अंतिम पीरियड में तीव्र क्रिया हुई, जब नुर्बू का दूसरा गोल वोल्व्स को 47वें मिनट में 2-1 की बढ़त दिलाया। लेकिन शांस के कप्तान चांबा त्सेतन ने 50वें मिनट में देर से गोल करके अपनी टीम को 2-2 से बराबरी पर लाया और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।



हमास वारियर्स ने चांगला ब्लास्टर्स को 11-3 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वारियर्स ने शुरुआती समय में धमाकेदार प्रदर्शन किया, जिसमें हिलाल अल शेख ने सिर्फ 4 मिनट में पहला गोल किया। कप्तान वसीम बिलाल ने 8वें मिनट में बढ़त दोगुनी की। हालांकि ब्लास्टर्स के कप्तान नामगैल नुर्बू ने 10वें मिनट में गोल करके प्रतिक्रिया दी, लेकिन वारियर्स ने अपने जवाबी हमलों से बढ़त बनाए रखी, और वसीम ने पहले पीरियड के आखिरी क्षणों में गोल करके 3-1 की बढ़त दिलाई। दूसरे पीरियड में ईसा मोहम्मद ने वारियर्स की बढ़त और बढ़ाई। जबकि ब्लास्टर्स ने एक गोल किया, वारियर्स ने और गोल किए, जिसमें वसीम की शानदार हैट्रिक भी शामिल थी । अंत में वारियर्स ने 11-3 के स्कोर के साथ मैच खत्म किया। इस जीत के साथ हमास वारियर्स ने न केवल सेमी-फाइनल में जगह बनाई, बल्कि इस सीजन में किसी भी टीम द्वारा किए गए सबसे अधिक गोल का रिकॉर्ड भी तोड़ा।

# राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली.**

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को यहां 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' और राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया। भारत मंडपम में आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर से 3000 से अधिक युवा विषयगत चर्चाओं और रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं।इस अवसर पर उपस्थित अन्य प्रमुख हस्तियों में केंद्रीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, महिंद्रा समूह के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा, इसरो प्रमुख एस.

सोमनाथ और पत्रकार पालकी शर्मा उपाध्याय शामिल थे। मांडविया ने इस अवसर पर भारत के भविष्य को आकार देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने प्रतिभागियों से देश की प्रगति में सक्रिय रूप से योगदान देने का आग्रह करते हुए कहा, ''यह कार्यक्रम युवाओं ने आयोजित किया है और यह युवाओं के लिए है।'' महोत्सव का एक प्रमुख आकर्षण 12 जनवरी को कार्यक्रम के समापन दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कुछ चयनित युवाओं के बीच बातचीत होगी।

# देवदत्त पडिक्कल ने पेश की चैंपियंस ट्रॉफी की दावेदारी

## क्वार्टरफाइनल में ठोका ताबड़तोड़ शतक

**वडोदरा.**

विजय हजारे ट्रॉफी में कर्नाटक के लिए खेलने वाले भारत के युवा बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने शानदार शतक ठोका है और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। दरअसल, मोती बाघ स्टेडियम में कर्नाटक और बड़ौदा के बीच विजय हजारे ट्रॉफी का क्वार्टरफाइनल मैच खेला गया। इस मुकाबले में कर्नाटक के लिए ओपनिंग कर रहे देवदत्त पडिक्कल ने शानदार बल्लेबाजी की और दमदार शतक ठोक डाला। पडिक्कल ने 103.3 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 99 गेंद में 102 रन बनाए। उनके बल्ले से 15 चौके और 2 गगनचुंबी छक्के भी देखने को मिले।

इस सेंचुरी से देवदत्त पडिक्कल ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी दावेदारी भी पेश की। बता दें कि अगले महीने यानी फरवरी की 19 तारीख से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज होने वाला है, जिसके लिए जल्द ही बीसीसीआई टीम इंडिया की घोषणा कर सकता है।

पडिक्कल ने अब तक भारत के लिए 2 टेस्ट और 2 टी20 खेले हैं। हालांकि देवदत्त वनडे में डेब्यू नहीं कर पाए हैं। लेकिन उनका लिस्ट ए क्रिकेट में शानदार रिकॉर्ड रहा है। 24 साल के पडिक्कल ने लिस्ट ए में अब तक 30 मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्होंने 81.52 की लाजवाब औसत से बल्लेबाजी करते हुए 1875 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से इस दौरान 8 शतक और 11 अर्धशतक देखने को मिले हैं। पडिक्कल को चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय स्क्वाड में जगह मिले या ना मिले। लेकिन, संभावना है कि उन्होंने अपनी इस पारी से सिलेक्टर्स का ध्यान जरूर अपनी ओर खींचा होगा। बड़ौदा ने विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टरफाइनल में कर्नाटक के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। ऐसे में कर्नाटक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 281 रन बना डाले। पडिक्कल के शतक के अलावा केवी अनीश ने भी अर्धशतक जमाया और 52 रन की अच्छी पारी खेली।



### वाइड गेंद के बदलेंगे नियम? गेंदबाजों को मिल सकती है मदद

**नई दिल्ली.** साउथ अफ्रीका के दिग्गज क्रिकेटर और पूर्व कप्तान शॉन पोलाक ने कहा कि आई सीसी क्रिकेट समिति गेंदबाजों को वाइड पर थोड़ी अधिक छूट देने की दिशा में काम कर रही है क्योंकि मौजूदा नियम उन पर बहुत सख्त है, विशेषकर तब जबकि बल्लेबाज आखिरी क्षणों में मूवमेंट करते हैं।वनडे और टी-20 में, बल्लेबाज गेंदबाज की लाइन और लेंथ को बिगाड़ने के लिए.

# युजवेंद्र चहल अय्यर-शशांक के साथ दिखे

**नई दिल्ली.**

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल अपनी पत्नी धनश्री वर्मा से तलाक की खबरों के बीच ब्रोमांस करते हुए नजर आए। जी हां, वह बिग बॉस 18 के सेट पर पंजाब किंग्स के अपने टीममेट्स श्रेयस अय्यर और शशांक सिंह के साथ स्पॉट हुए। तीनों खिलाड़ी जल्द ही बॉलीवुड स्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले इस रिएलिटी शो में नजर आ सकते हैं। चहल सेट पर केजुअल स्टाइलिश ब्लैक टी शर्ट, ब्लू बैगी डेनिम पैंट और येलो स्नीकर्स पहनकर पहुंचे थे। उनके पास बैकपैक भी था। उन्होंने पापाराजी से इंटरेक्ट नहीं किया और सीधा वेनिटी वैन में चले गए। बाद में वह नए लुक में दिखे। उन्होंने कार्गो पैंट के साथ अपनी टी शर्ट के ऊपर वाइट जैकेट पहनी हुई थी। इसके बाद उन्होंने अय्यर और शशांक के साथ पोज भी किया।चहल आज कल अपनी तलाक की अफवाहों को लेकर काफी ज्यादा लाइमलाइट में बने हुए हैं। चहल ने धनश्री के साथ सारी तस्वीरें इंस्टाग्राम से हटा दी हैं और दोनों ने एक दूसरे को अनफॉलो भी कर दिया है।

इस भारतीय क्रिकेटर ने हाल ही में अपनी तलाक की खबरों के बीच इंस्टाग्राम पर एक स्टेटमेंट भी जारी किया था। उन्होंने कहा था कि, 'मैं हाल की घटनाओं, खासकर अपने पर्सनल लाइफ के बारे में उत्सुक्ता को समझता हूं।

# भविष्य के सितारों को तैयार करेगी महिला हॉकी लीग

**वडोदरा.**

पूर्व कप्तान रानी रामपाल का मानना है कि महिला हॉकी इंडिया लीग (डब्ल्यूएचआईएल) खेल पर वैसा ही प्रभाव डाल सकती है जैसा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने क्रिकेट पर डाला है। रांची में 12 से 26 जनवरी तक होने वाले पहले डब्ल्यूएचआईएल में चार टीमें दिल्ली एसजी पाइपर्स, ओडिशा वॉरियर्स, श्राची रारह बंगाल टाइगर्स और सूरमा हॉकी क्लब भाग लेंगी। सूरमा क्लब की मेंटर और कोच रानी ने साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया से कहा, ''इस बार केवल चार टीमें हो सकती हैं लेकिन लीग शुरू होने में काफी समय लग गया है। इसके लिए हॉकी इंडिया की सराहना की जानी चाहिए।'

भारत की पूर्व हॉकी कप्तान ने कहा, ''पुरुष हॉकी टीम ने तोक्यो और पेरिस में ओलंपिक में कांस्य पदक जीते। इसकी नींव वर्षों पहले पुरुष हॉकी इंडिया लीग ने रख दी थी।''

उन्होंने कहा, ''अब महिला एचआईएल की शुरुआत के लिए धन्यवाद। इससे 2032 और 2036 ओलंपिक में बहुत सारी प्रतिभाशाली युवा महिला खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा। यह मंच बेहद उपयोगी साबित होगा।'

इस संदर्भ में महिला क्रिकेट का उदाहरण देते हुए रानी ने कहा, ''महिला क्रिकेट के बारे में कोई भी ज्यादा नहीं जानता था, लेकिन अब आप देख रहे हैं कि यह खेल देश में इतना लोकप्रिय कैसे हो गया है। महिला आईपीएल (डब्ल्यूपीएल) से लोगों को इसके बारे में पता चला और उन्होंने इसका अनुसरण करना शुरू कर दिया।''



# घने कोहरे के साथ ठंड का सितम जारी

**नई दिल्ली.**



ठंड और कोहरे से उत्तर भारत के राज्यों को अभी कुछ दिन राहत मिलती नहीं दिख रही है। मैदानी इलाकों में कड़ाके की ठंड के साथ कोहरा परेशानी का कारण बना हुआ है। वहीं पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी से जनजीवन प्रभावित है।घने कोहरे के कारण भी दिल्ली में कई जगहों पर सुबह दृश्यता शून्य रही। इस कारण आइजीआइ एयरपोर्ट पर 150 के करीब उड़ानें विलंबित रहीं। 33 से अधिक ट्रेनें दिल्ली से देरी से चलीं जबकि 100 से अधिक ट्रेनें विलंब से दिल्ली पहुंचीं। घने कोहरे के कारण सड़कों पर भी वाहन रेंगते नजर आए और कई जगहों पर हादसे भी हुए।

पूरे दिल्ली-एनसीआर में घने कोहरे का असर रहा दिनभर रहा। दिल्ली में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने उत्तर भारत विशेष तौर से दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में अगले कुछ दिन घना कोहरा होने की चेतावनी जारी की है। जम्मू-कश्मीर में कड़ाके की ठंड के बीच मौसम विभाग ने शनिवार को फिर ताजा बर्फबारी और वर्षा की संभावना जताई है।

### उत्तराखंड में हिमपात के आसार

मौसम विभाग के अनुसार, अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात के आसार हैं। निचले इलाकों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि को लेकर भी यलो अलर्ट जारी किया गया है। इधर हिमाचल में शुक्रवार को पहाड़ों पर खिल रही धूप, मैदानी क्षेत्रों में घने कोहरे व तेज शीतलहर ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान लाहुल-स्पीति के ताबो में -11.7 डिग्री सेल्सियस रहा।

## विदेशों में छिपे अपराधियों पर नकेल की तैयारी

**नई दिल्ली.**




विदेशों में शरण लिए भारतीय अपराधियों को वापस भारत लाने के लिए भारतीय जांच एजेंसियों ने एक नया प्लान तैयार किया है. इसके तहत एजेंसियां प्रत्यर्पण की लंबी और जटिल प्रक्रिया से बचने के लिए अपराधियों को डिपोर्ट कराने की रणनीति अपना रही हैं. राज्य पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसी यानी सीबीआई इंटरपोल के माध्यम से उन देशों के संपर्क में हैं, जहां अपराधी छिपे हुए हैं. इंटरपोल के 195 सदस्य देशों को अपराधियों से संबंधित डोजियर मुहैया कराए जा रहे हैं.इनमें अपराधियों के फर्जी दस्तावेजों और पहचान के आधार पर वहां रहने के सबूत शामिल हैं. डिपोर्ट करवाने की प्रक्रिया में सबसे पहले अपराधियों की लोकेशन ट्रेस की जाती है. फिर ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी कर उस देश को सूचित किया जाता है. इसके बाद भारतीय एजेंसियां उस देश को यकीन दिलाती हैं कि वहां मौजूद अपराधी उनके देश के लिए भी खतरा बन सकता हैं. डिपोर्टेशन की इस नई रणनीति में भारत को पहले भी कामयाबी मिली है. दिल्ली पुलिस ने 2023 में सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मास्टरमाइंड लॉरेंस बिश्नोई के भांजे सचिन बिश्नोई को अजरबैजान से डिपोर्ट कर भारत लाया था.

### अगले साल सीएसपीओसी की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली.** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ग्वेर्नसे में राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन (सीएसपीओसी) की स्थायी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने संसद के कामकाज में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और सोशल मीडिया के इस्तेमाल की जोरदार वकालत की। उन्होंने कहा कि भारत अगले साल 28वें सीएसपीओसी की मेजबानी करेगा। बिरला ने कहा कि भारत कृषि, फिनटेक, एआई और अनुसंधान एवं नवाचार जैसे कई क्षेत्रों में बड़े बदलाव देख रहा है।

## पंजाब में ज्वेलर की सरेआम कर दी हत्या



**चंडीगढ़.** पंजाब के अमृतसर में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां सोने की दुकान पर लेनदेन को लेकर हुए विवाद में एक ज्वेलर की दूसरे ज्वेलर ने गोली मारकर हत्या कर दी. मृतक की पहचान हुसैनपुरा चौक इलाके के सिमरपाल सिंह के रूप में हुई है. यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है. पुलिस ने आरोपी जसदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के अनुसार, यह वारदात थाना बी डिवीजन क्षेत्र के टाहली वाले बाजार की है. यहां पर हुसैनपुरा चौक के रहने वाले सिमरन पाल सिंह की जयपाल ज्वैलर्स नाम से दुकान है. सिमरन पाल की इस दुकान पर जसदीप सिंह चैन और उनका बेटा व परिवार के अन्य सदस्य शुक्रवार को पहुंचे थे.

## महाकुंभ में सजने जा रही सितारों की महफिल

**प्रयागराज.**

जहां प्रयागराज में नए साल 2025 पर कल s13 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ में देश विदेश के श्रद्धालु गंगा- यमुना और अदृश्य सरस्वती के त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं। वहीं इस दौरान वे अपने पसंदीदा बॉलीवुड के सितारों को भी यहां बड़े करीब से देख पाएंगें। जी हां, मेला क्षेत्र में बन रहे गंगा पंडाल में अनेकों फिल्म और टीवी सितारे सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिये श्रद्धालुओं को भाव विभोर करेंगे।

वहीं यह भी खबर है कि, इस पावन अवसर पर भारत के कई दिग्गज कलाकार इसमें शामिल होंगे। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन, आलिया भट्ट और रणबीर कपूर इस बार संगम में जहां डुबकी लगाएंगे। वहीं ड्रामा क्वीन राखी सावंत भी संगम में स्नान को पहुंचने वाली हैं। इस तरह बॉलीवुड, टॉलीवुड से लेकर भोजपुरी के साथ ही टीवी इंडस्ट्री के सितारे भी इस जमघट में शामिल होने जा रहे हैं। यहां दक्षिण भारतीय, असमिया, कन्नड़, तेलगु, तमिल और बांग्ला फिल्मों के कलाकारों के भी इस बार पहुंचने की उम्मीद है। देश भर से बड़ी संख्या में कलाकार यहां पहुंचेंगे।

## भारतीय वीजा के लिए कतार में खड़ी होगी दुनिया : पीएम मोदी

**नई दिल्ली.**



पॉडकास्ट की दुनिया में कदम रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिरोधा के सहसंस्थापक निखिल कामथ के साथ पहले पॉडकास्ट में अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत का वक्त है। पूरी दुनिया हमारी ओर उम्मीद से देख रही है। दुनिया भारतीय वीजा लेने के लिए एक दिन कतार में खड़ी होगी।

निखिल कामत ने पूछा कि, दुनियाभर में भारत के प्रति धारणा कैसे बदली है? इस सवाल के जवाब में मोदी ने कहा, राज्य के प्रमुख के रूप में अमेरिका ने मुझे वीजा देने से इन्कार कर दिया था। मैंने उस दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, एक दिन दुनिया भारतीय वीजा के लिए कतार में खड़ी होगी। मैंने यह बयान 2005 में दिया था। अब, यह 2025 है। मैं देख सकता हूं कि यह भारत का वक्त है। पीएम मोदी ने कहा, मैं हाल में कुवैत गया था। मैं एक मजदूर कॉलोनी में गया। वहां एक मजदूर ने मुझसे पूछा कि उसके जिले (भारत में) में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा कब बनेगा। यही आकांक्षा है जो 2047 में भारत को विकसित देश बनाएगी।

## आर अश्विन को मिला अन्नामलाई का समर्थन

**नई दिल्ली.**



क्रिकेटर आर अश्विन की हिंदी की हालिया टिप्पणी से देशभर में विवाद खड़ा हो गया है। अश्विन एक कॉलेज में ग्रेजुएशन सेरेमनी में पहुंचे थे जहां उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा नहीं है। वहीं, अब अश्विन को भाजपा नेता अन्नामलाई का समर्थन मिला है। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई ने कहा कि सही है, हिंदी कोई राष्ट्रभाषा नहीं है, बल्कि एक संपर्क भाषा है, जो सुविधा की भाषा के रूप में काम करती है।

**तमिलनाडु में पहले से है हिंदी विवाद:** अश्विन ने ये बयान तमिलनाडु में दिया जहां पहले से ही हिंदी का यूज एक बड़ा मुद्दा रहा है। अश्विन ने सेरेमनी के दौरान स्टूडेंट्स से बात की और उनसे कुछ सवाल पूछे जिसके बाद उन्होंने हिंदी को लेकर ये बात कही। अश्विन ने ये सब तमिल में कहा। सेरेमनी के दौरान बच्चों से बात करते हुए अश्विन ने पूछा, "यहां जो लोग इंग्लिश समझते हैं वो हां कहें।" इस पर बच्चे जोर से चिल्लाए। इसके बाद अश्विन ने कहा, "जो लोग तमिल समझते हैं वो जोर से हां कहें।" यहां भी बच्चों ने जोर से आवाज लगाई। इसके बाद अश्विन ने कहा, "ठीक, हिंदी?" यहां कोई आवाज नहीं आई। तब अश्विन ने कहा, "हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा नहीं है, ये आधिकारिक भाषा है।" अश्विन के इस बयान ने विवाद खड़ा कर दिया है। कई विरोधी पार्टियां जिसमें तमिलनाडु में सरकार चला रही डीएमके ने केंद्र पर ये आरोप लगाए हैं कि वह जानबूझकर हिंदी थोप रही है।

## छोटा राजन एम्स में हुआ भर्ती

**नई दिल्ली.**



अंडरवर्ल्ड डॉन और गैंगस्टर छोटा राजन को स्वास्थ्य संबंधी समस्या के बाद इलाज के लिए राजधानी दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती कराया गया है। बता दें कि छोटा राजन फिलहाल अनेक अपराधों के आरोपों में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक, अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन एम्स के जिस वार्ड में एडमिट है वहां दिल्ली पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है।अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन को अक्तूबर 2015 में इंडोनेशिया से गिरफ्तार करने के बाद भारत लाया गया था। वह फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। 25 अक्तूबर , 2015 को इंडोनेशिया में बाली हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया गया था और भारत लाया गया था।

छोटा राजन को बीते साल मई महीने में एक विशेष अदालत ने होटल व्यवसायी की हत्या के मामले में दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनायी थी। हालांकि, बंबई हाई कोर्ट ने छोटा राजन को दी गई उम्रकैद की सजा को निलंबित कर दिया और उसे जमानत दे दी। हालांकि, राजन अन्य कई आपराधिक मामले के संबंध में जेल में ही है। इसके अलावा एक व्यवसायी की हत्या के लगभग 28 साल पुराने मामले में भी छोटा राजन को सबूतों के अभाव में अदालत ने बरी कर दिया गया था।

### सर्जरी के बाद संक्रमण का खतरा

**नई दिल्ली.** सर्जरी के बाद होने वाले संक्रमण यानी सर्जिकल साइट संक्रमण (एसएसआई) के चलते देश में हर साल तकरीबन 15 लाख मरीजों के घाव खतरनाक सुपरबग की चपेट में आ रहे हैं। सभी तरह के ऑपरेशन के बाद मरीजों में सर्जिकल साइट संक्रमण की दर 5.2 फीसदी है। देश में हर साल छोटी-बड़ी सर्जरी को मिलाकर करीब तीन करोड़ से अधिक मरीजों के ऑपरेशन होते हैं। इस हिसाब से हर साल 15 लाख से ज्यादा मरीज इसकी चपेट में आ रहे हैं। वहीं, सर्वाधिक 54.2 फीसदी संक्रमण हड्डियों के ऑपरेशन या विच्छेदन के बाद होता है।

## क्षेत्रीय दलों को चंदे में मिले 216 करोड़

**नई दिल्ली.**



क्षेत्रीय राजनीतिक दलों ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 216 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिलने की जानकारी दी है। सर्वाधिक चंदा पाने वालों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) शीर्ष पर रही, जिसने मात्र 47 दानकर्ताओं से 154.03 करोड़ रुपये मिलने की घोषणा की। इसके बाद वाईएसआर कांग्रेस पार्टी को पांच दाताओं से 16 करोड़ तथा तेदेपा को 11.92 करोड़ रुपये मिले।यह बात एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के एक विश्लेषण में सामने आई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), जननायक जनता पार्टी (जजपा), तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने चंदे में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है। झामुमो के चंदे में 3,685 प्रतिशत का जोरदार उछाल आया है, जिसके बाद जजपा में 1,997 प्रतिशत और तेदेपा में 1,795 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

## कोयला खदान में फंसे एक और मजदूर का शव बरामद

**असम.**



असम के दीमा हसाओ जिले में कोयला खदान में फंसे एक और मजदूर का शव शनिवार को बचाव अभियान के दौरान खदान से बरामद किया गया। अब तक दो मजदूरों के शव बरामद हो चुके हैं। पहला शव बुधवार को खदान से निकाला गया था। जिन मजदूरों के शव बरामद किए गए हैं, वे उन नौ मजदूरों में शामिल थे, जो सोमवार को उमरंगसू में खदान में अचानक पानी भर जाने के चलते फंस गए थे।

## सजा पाने वाले पहले राष्ट्रपति बने ट्रंप



**नई दिल्ली.** अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हश मनी केस में बड़ी राहत मिली है. मैनहट्टन कोर्ट ने बिना शर्त छोड़ दिया है. डोनाल्ड ट्रंप दोषी होने के बाद भी जेल और जुर्माना दोनों से बच गए. इसी के साथ ट्रंप डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी इतिहास में सजा पाने वाले पहले राष्ट्रपति बन गए हैं.हश मनी मामले में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को औपचारिक रूप से सजा सुनाई गई थी. हालांकि कोर्ट ने उन्हें कोई भी सजा देने से इंकार कर दिया. इसके बाद अब ट्रंप जेल की सजा या जुर्माने के डर से मुक्त होकर व्हाइट हाउस जा सकेंगे.डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने वाले हैं. ट्रंप एकमात्र अमेरिकी राष्ट्रपति (वर्तमान या पूर्व) हैं जिन्हें किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है. 78 वर्षीय ट्रंप ने खुद को निर्दोष बताया था. बता दें ट्रंप पर एक पोर्न स्टार को किए गए भुगतान को कानूनी खर्च के रूप में अकाउंट बुक्स में दिखाकर कानून का उल्लंघन करने का आरोप था. पिछले साल छह सप्ताह तक चले इस मुकदमे सुनवाई करने वाले जस्टिस जुआन मर्चेन ने इस बात के संकेत दिए थे कि उनकी योजना ट्रंप को जेल भेजने या उन पर जुर्माना लगाने की नहीं है. लेकिन बिना शर्त रिहाई देकर वह ट्रंप के स्थायी रिकॉर्ड में दोषसिद्धि का फैसला दर्ज कर देंगे.

## लॉस एंजिल्स में आग का तांडव जारी

**नई दिल्ली.**

लॉस एंजिल्स के जंगलों में पिछले चार दिनों से भयावह आग लगी हुई है, जिसने कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया है. सड़के बाधित हैं. इस त्रासदी में अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है. फायर फाइटर्स का कहना है कि आग पर काबू पाने में कुछ प्रगति हुई है, हालांकि उन्होंने चेतावनी दी है कि तेज हवाओं के कारण आग की लपटें फिर से भड़क सकती हैं, जिससे स्थिति और खराब हो सकती है. भीषण आग ने लॉस एंजिल्स के पॉश इलाकों में हजारों घरों को तबाह कर दिया है और हॉलीवुड हिल्स तक फैल गई है.

लॉस एंजिल्स काउंटी के शेरिफ (पुलिस अधिकारी) रॉबर्ट लूना ने इस भीषण आपदा का वर्णन करते हुए कहा, 'लगभग 10,000 घर और अन्य संरचनाएं क्षतिग्रस्त हो गई हैं, ऐसी स्थिति है जैसे किसी ने उन क्षेत्रों में परमाणु बम गिरा दिया हो.' उन्होंने मौतों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई और कहा कि फिलहाल अच्छी खबर की उम्मीद नहीं है. कैलिफोर्निया के वन एवं अग्नि सुरक्षा विभाग के मुताबिक पैलिसेड्स इलाके में 6 प्रतिशत क्षेत्र में आग पर काबू पा लिया गया है, हालांकि ईटन में आग अब भी नियंत्रण से बाहर है.केनेथ में, जंगल की आग ने लॉस एंजिल्स और वेंचुरा काउंटी में लगभग 960 एकड़ जमीन को प्रभावित किया है.

फायर फाइटर्स ने 35 प्रतिशत क्षेत्र में आग पर काबू पा लिया है. हर्स्ट और लिडिया में अग्निशमन अधिकारियों ने संयुक्त रूप से 1200 एकड़ में लगी आग पर काबू पाने में प्रगति की सूचना दी. हर्स्ट में जहां 37 फीसदी आग पर काबू पा लिया गया है, वहीं लिडिया में यह आंकड़ा 75 फीसदी है. लॉस एंजिल्स में 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं हवाओं ने स्थिति को और बेकाबू बना दिया. हवा की रफ्तार थोड़ी धीमी होने पर रेस्क्यू टीम को आग बुझाने के लिए हेलीकॉप्टरों से पानी गिराने में सहूलियत हुई.

### > अब तक 11 लोगों की मौत



### हम अभी खतरे से बाहर नहीं

रात के वक्त हवाएं फिर से तेज हो गईं, जिसके बाद अधिकारियों ने लॉस एंजिल्स और साउथ कैलिफोर्निया के कुछ हिस्सों में (भारतीय समयानुसार शनिवार) आग के फैलने और स्थिति और गंभीर होने की होने की आशंका जताई है. लॉस एंजिल्स फायर डिपार्टमेंट के प्रमुख क्रिस्टिन क्रॉली ने कहा कि तेज हवाओं के कारण जंगल की आग पर काबू पाना और मुश्किल हो जाएगा. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, 'हम अभी खतरे से बाहर नहीं हैं. अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने दो दिन पहले लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगीआग को एक बड़ी आपदा घोषित किया था.

